राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित






डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17

5 एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत ने घटाया 16 कि.ग्रा वजन | सम्पादकीय | भारत के खिलाफ अलगाववाद पर ज़रि | अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन 5

वर्ष 18 ● अंक 109 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online ग्वालियर, गुरूवार 02 मई 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# पीएम मोदी ने कहाः कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें, जब तक मोदी जिंदा है... धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। उन्होंने बनासकांठा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 में कांग्रेस और INDI गठबंधन फिर से झूठ लेकर मैदान में आए हैं, उनकी इकोसिस्टम भी इस झूठ को हवा दे रहा है। वे संविधान दिखाते हैं, आरक्षण ले लेंगे इसका डर दिखाते हैं, पूरी तरह मनगढंत गपबाजी करना ही उनका काम है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें। जब तक मोदी जिंदा है...मैं तुम्हें कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल नहीं खेलने दूंगा।

बनासकांठा में विशाल जनसभा को संबोधि करते हुए पीएम ने कहा, कांग्रेस वाले और उनकी जमात कान खोलकर सुन लें। ये मोदी है, मोदी जब तक जिंदा है, मैं तुम्हें कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। स्ष्ट-स्ज्ञ, ह्क्ष्ट और सामान्य वर्ग के गरीबों को जो आरक्षण मिला है संविधान के तहत मिला है। मैं आज कांग्रेस के शहजादे को, कांग्रेस पार्टी को और कांग्रेस के सारे गाजे-बाजे बजाने वाली जमात को चुनौती देता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो घोषणा करें कि वे कभी भी धर्म के आधार पर न आरक्षण का दुरुपयोग करेंगे, न संविधान में खिलवाड़ करेंगे, न ही धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण देंगे।

# कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक से मतलबः अमित शाह

आर.एन.एस.



**कोरबा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कोरबा में हुई जनसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करनी है। उसे सिर्फ मॉइनोरिटी से मतलब है। उन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन उन्होंने दुत्कार दिया। शाह ने कहा कि कांग्रेस का सिर्फ एक ही मंत्र है, झूठ बोलो, बार- बार बोलो। अब कहती है कि मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे। 10 साल पूर्ण बहुमत की सरकार थी, खत्म की धारा-370, आतंकवाद और नक्सलवाद। जब तक भाजपा का एक भी सांसद है आरक्षण खत्म नहीं होने देगा।

कोरबा लोकसभा की 8 विधानसभा सीटों में से 6 पर बीजेपी के विधायक हैं। मनेंद्रगढ़, भरतपुर-सोनहत, बैकुंठपुर, मरवाही में बीजेपी का कब्जा होने के बाद भी यहां के कार्यकर्ता बिखरे हुए हैं। वहीं, रामपुर और पाली-तानाखार में बीजेपी की स्थिति पहले से ही कमजोर है।

# मुख्यमंत्री ने कहाः अब चंबल के बीहड़ों में डाकू नहीं रहते, अब यहां पीला सोना होता है

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर, भिण्ड व ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया





**सागर, भिंड, ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े के समर्थन में बीना व मालथौन, भिण्ड लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में लहार, ग्वालियर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में डबरा विधानसभा के मेहगांव और भितरवार विधानसभा के चीनोर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी झूठ की दुकान है। वे जब भी बोलते हैं तो झूठ ही बोलते हैं। आजादी के बाद कांग्रेस ने 70 साल तक देश की भलाई में हमेशा अड़ंगे लगाए। गरीबी दूर नहीं कर सके। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सूर्य की तरह देशवासियों के लिए तप रहे हैं। भाजपा की सरकार ने बीमारू मध्यप्रदेश को उन्नतिशील, प्रगतिशील राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया है।

### कांग्रेस के शासनकाल में हुए सबसे ज्यादा संविधान में संशोधन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेता कह रहे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी, लेकिन यह सबको पता है कि आजादी के बाद 1950 से लेकर जब तक कांग्रेस की सरकार रही। इन्होंने कई बार संविधान में संशोधन किए। कांग्रेस की सरकार में 1950 से लेकर लगभग 17 बार तो जवाहरलाल नेहरू ने संविधान में संशोधन किया। इसके बाद स्व. लालबहादुर शास्त्री जी ने 3 बार, स्व. इंदिरा गांधी ने 29 बार, स्व. राजीव गांधी ने भी 10 बार संविधान में संशोधन किया था। इसके बाद सोनिया गांधीजी ने भी पीछे से सरकार चलाई। वे भी कई बार संविधान में संशोधन लेकर आई। नरसिम्हा राव जी की सरकार में भी संविधान में संशोधन किए गए। कांग्रेस के शासनकाल में लगभग 100 बार संविधान में संशोधन किया गया और अब वे दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। अब कह रहे हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार 10 वर्षों से सत्ता में है। क्या ये कांग्रेस को नजर नहीं आ रहा है।

### 70 वर्षों तक सिर्फ अड़ंगे लगाए, नहीं दूर कर पाए गरीबी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने आजादी के बाद से 70 सालों तक देश के हर अच्छे काम में अड़ंगे लगाए। 70 वर्षों तक भगवान श्रीराम खुले आसमान के नीचे बैठे रहे, लेकिन कांग्रेस उन्हें गर्भगृह में नहीं बैठा सकी। भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण में कांग्रेस ने हमेशा से अड़ंगे लगाए और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राम मंदिर की राह खुली तो यहां भी इन्होंने अड़ंगे लगाए। 70 सालों तक देश की गरीबी दूर नहीं कर पाए और अब झूठ बोल रहे हैं कि यदि सत्ता में आए तो गरीबी दूर कर देंगे। कांग्रेस ने देश की भलाई के लिए होने वाले सभी कामों में अड़ंगे लगाए और अब जनता समझ गई है। अब तो इनकी पार्टी में ही अड़ंगे लगने लगे हैं। 2014 से पहले केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस की सरकार को कांग्रेस के कर्मों ने हटाया। 1947 के समय से लेकर, 2003 से 2013 तक कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने धारा 370 लगाकर जम्मू कश्मीर को अलग करने का प्रयास किया।

# विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज अम्बाह आयेंगे



**मुरैना।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज 02 मई गुरुवार को अंबाह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचेंगे। कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया ने बताया कि तय कार्यक्रम अनुसार विस अध्यक्ष तोमर गुरुवार की सुबह 11 बजे अम्लिहेड़ा गांव पहुंचेंगे। यहां जनसंपर्क करने के बाद दोपहर 12 बजे बरबाई, 12.30 बजे बसई, 1 बजे रूअर, 2 बजे रछेड़, 2.30 बजे लुधावली, अपरान्ह 3 बजे पिपरई, 4 बजे पालि, शाम 5.30 बजे परीक्षत का पुरा और 6 बजे हिंगावली गांवों में पहुंचेंगे। जिसके बाद शाम 8 बजे श्री तोमर अंबाह नगर में व्यापारी वर्ग की बैठक में शामिल होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूती प्रदान की : नरेन्द्र सिंह तोमर

## कुशवाह समाज के लोगों का समग्र विकास किया जाएगाः ऐदल सिंह

### कुशवाह समाज ने किया कार्यक्रम का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-




**मुरैना।** गत दिवस महान भारतीय विचारक, समाज सुधारक, लेखक एवं महिला उत्थान के लिए समर्पित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 197वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री दाऊ जी धाम पैलेस मुरैना में कुशवाह समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम में सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक अजब सिंह कुशवाह द्वारा किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कुशवाह समाज के लोग हमेशा से ही भाजपा के पक्षधर रहे हैं। आगामी 07 मई को आप सभी भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के पक्ष में मतदान करें। आपका मत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ताकत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत की सीमा के उस पार से आतंकियों की घुसपैठ लगातार होती रहती थी लेकिन कुछ राजनैतिक कारणों के चलते सरकार इनके विरुद्ध ठोस कार्यवाही नहीं कर पाती थी। लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में आये हैं तब से आतंकवाद पर पूरी तरह लगाम लगी है। पत्थरबाजी की घटनायें खत्म हो गई हैं, धारा 370 को समाप्त किया गया है। अंत में श्री तोमर ने सभी से शिवमंगल सिंह तोमर के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि कुशवाह समाज हमेशा हमारा पक्षधर रहा है। यदि कुशवाह समाज के किसी भी व्यक्ति को मेरी जरूरत पड़ेगी तो मैं हर दम उसके साथ तैयार खड़ा

# उद्योगपति मुकेश अग्रवाल के सुपुत्र के आशीर्वाद समारोह में पहुंचे विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर

## उदयपुर में विवाह समारोह सम्पन्न होने के बाद ग्वालियर में आयोजित किया आशीर्वाद समारोह, अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी शुभाशीष प्रदान किए





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** ग्वालियर के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अग्रवाल के बेटे की शादी पिछले दिनों उदयपुर में सम्पन्न हुई। विवाह समारोह सम्पन्न होने के बाद आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पहुंचकर वर-वधु को अपने शुभाशीष प्रदान किए। इनके अलावा अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर वर-वधु को शुभाशीष प्रदान किए। आयोजन की भव्यता देखते ही बन रही थी।

यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि मुकेश अग्रवाल अपने पुत्र का विवाह समारोह उदयपुर ताज अरावली होटल से सम्पन्न हुआ। लगभग 200 बारातियों को स्पेशल चार्टर प्लेन द्वारा ग्वालियर से उदयपुर, उदयपुर से ग्वालियर लाया गया। ग्वालियर के लिए पहली शादी है, जिसमें बारातियों को चार्टर प्लेन से ले जाया गया हो। आशीर्वाद समारोह के लिए आयोजकों ने बहुत श्रेष्ठ व्यवस्थायें की थीं। प्रत्येक आगंतुक का विशेष ख्याल रखा जा रहा था।

# प्रधानमंत्री मोदी को ज्योतिरादित्य सिंधिया की बहुत जरुरतः पूर्व सीएम उमा भारती

## हमने 48 घण्टे की भीतर सर्वे कराकर राहत राशि बटवाई : ज्योतिरादित्य सिंधिया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**गुना।** गुना लोकसभा के पिछोर क्षेत्र पहुंचकर उमा भारती ने अपने लाड़ले ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में आयोजित जन सभा को किया सम्बोधित। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में जब पहली बार भाजपा सरकार बनी तब भी सिंधिया परिवार का योगदान था और 2020 में जब भाजपा सरकार बनी तब भी सिंधिया परिवार का योगदान था। ज्योतिरादित्य सिंधिया की जमकर की प्रशंसा करते हुए उमा भारती ने कहा कि भारत के जगत गुरु बनने का समय आ गया है और प्रधानमंत्री मोदी को सबसे योग्य व्यक्ति चाहिए जो ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। प्रदेश और देश के भले के लिए ज्योतिरादित्य को वोट देना जरुरी जरुरी। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को सबसे बड़ी देन यह दी है कि आज हमें भारतीय होने पर गर्व है।

01 मई 2024 चुनाव से सिर्फ 7 दिन पूर्व पिछोर क्षेत्र में भाजपा को लेकर एक नया जोश और समर्थन दिखाई दिया, जब प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जन सभा करने पहुंची। अपनी साफ़गोई के लिए प्रसिद्ध उमा भारती ने ज्योतिरादित्य सिंधिया की जमकर तारीफ की और जनता से आह्वान किया कि प्रदेश में सबसे बजनदार कमल का फूल गुना लोकसभा में खिलना चाहिए।

**मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की कहानी सुनाई**






उमा भारती ने अपने भाषण की शुरुआत राजमाता विजयाराजे सिंधिया के बारे में करते हुए की और बताया कि राजमाता जी के संघर्ष और बलिदान से ही भाजपा की स्थापना हुई। जब 1980 के समय में कांग्रेस ने उन्हें ललकारा और बोला कि सड़क पर आ जाओ तो वह सड़क पर उतर गयीं और कांग्रेस के अन्याय से लड़ते हुए अपना त्याग पत्र दे दिया। उसी प्रकार जब 2020 में कांग्रेस ने किसानों के साथ नाइंसाफी की तब ज्योतिरादित्य सिंधिया सड़क पर उतर गए और उन्होंने जनता की सेवा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। इसीलिए मैं मानती हूँ की जब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब तब सिंधिया परिवार का उसमे योगदान रहा है।

**प्रीतम लोधी को बोला कि सिर्फ एक आदमी पर विश्वास करना**

क्षेत्र के विधायक प्रीतम लोधी के बारे में बात करते हुए उमा भारती ने बताया कि प्रीतम लोधी ने जब मुझसे भाजपा में शामिल होने की बात कही तो मैंने उनको बोला, कि सिर्फ एक आदमी पर भरोसा करना, ज्योतिरादित्य सिंधिया। इनके स्वभाव की सरलता मुझसे भी अधिक। जब ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा से जुड़े तो मेरे लिए अत्यंत गौरव का पल था, क्यूंकि मुझे विश्वास था की राजमाता अम्मा का खून भाजपा के लिए ही बना है और उनकी परम्परा को फिर जगाने का काम ज्योतिरादित्य ने किया है।

**मोदी जी की देन है कि हमें भारतीय होने पर गर्व है**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के बारे में बात करते हुए उमा भारती ने कहा कि मोदी जी के दूरदर्शी प्रधानमंत्री है, जिन्होंने गरीब, वंचित, पीड़ित, और महिलाओं को भरोसा दिया है। उनकी वजह से आज किसान के खेतों में हरियाली है, युवाओं के चेहरे पर लाली है और महिलाओं के चेहरे पर खुशहाली है। मोदी जी की देन है कि

# मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता हैं: कमिश्नर शहडोल संभाग

## - मजदूर से ही देश में हो रहे निर्माण और विकास कार्य संभवः कलेक्टर
## - कमिश्नर ने मेंडियारास में आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों को किया सम्मानित

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने कहा है कि मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता होते हैं। मजदूरों के बिना देश में कोई भी निर्माण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है। यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि मैं मेंडियारास के पवित्र भूमि में आप सभी मजदूर भाइयों के बीच आया हूं। मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मजदूरों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। मजदूर कितना भी बड़ा कार्य क्यों ना हो, कार्य करना है, सिर्फ यह जानता है तथा बड़े-बड़े निर्माण कार्य मजदूरों के बिना संभव नहीं है। कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद आज अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, शहडोल संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत तहसीलदार जीएस शर्मा जनपद पंचायत जैतहरी के सीईओ बीएम मिश्रा सहित अनूपपुर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में मजदूर व ग्रामवासी उपस्थित थे।

कमिश्नर ने सभी मजदूरों को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। हमें बच्चों की पढ़ाई छुड़वाना नहीं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाना है। बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूलों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। छात्रों के सभी परिजन उन सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाई कराएं, जिससे बच्चा अपने पैर पर खड़ा होकर अपने मां-बाप का नाम रोशन कर सके तथा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभा सके। कमिश्नर ने कहा कि हर मां-बाप का सपना होता है कि हमारा बच्चा हमसे भी चार कदम आगे बड़े, वह सपना सिर्फ शिक्षा से ही पूरा हो सकता हैं। अगर कोई छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे रुकने की आवश्यकता नहीं है, निरंतर पढ़ाई जारी रख आगे बढ़ते जाना हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि मजदूरों के मेहनत का नतीजा है कि जिले में सभी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूर देश की संरचना होते हैं उन्ही से ही देश में हो रहे निर्माण एवं विकास कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में मानव दिवस सृजन के लिए पर्याप्त कार्य खोले गए हैं आदर्श आचरण सहिंता के पूर्व से ही कार्यों का संचालन किया जा रहा है जिससे जिले में पलायन की स्थिति ना रहे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा है कि मजदूरों का देश में अलग ही महत्व है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को यहां रोजगार एवं बेहतर सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए पूरा जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि जिले में मजदूरों को बेहतर रोजगार मिले इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर का महत्व कम नहीं है, मजदूर पर पूरे निर्माण कार्य निहित होते हैं। मजदूरों को बेहतर रोजगार मुहैया हो, पलायन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का सम्मान करने में अत्यधिक प्रसन्नता महसूस हो रही है।

कार्यक्रम में कमिश्नर बी.एस. जामोद, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं अन्य अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक बुल्ली कोल, मीना कोल, रमजान मुबारक, रोशनी कुशवाहा, बब्बी बाई यादव, ललिता सिंह, शिवदास चौधरी, मनोज सोनी, कतहुरा कोल एवं सुमित्रा कोल सहित अन्य श्रमिकों का सम्मान किया।

***कमिश्नर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं***

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास के बाबा कुटी परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने मेंडियारास निर्माणाधीन ग्रामीण उद्यान का किया निरीक्षण

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने ग्राम मेंडियारास में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात निर्माणाधीन ग्रामीण उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने श्रमिकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उद्यान में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उद्यान में बनाए गए नेचुरल ड्रेनेज सिस्टम के जल भराव की भी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की।

***कमिश्नर ने किया पौधारोपण***

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आम के पौधे का रोपण किया। इस दौरान कमिश्नर ने सभी ग्रामीणों को वर्ष में एक फलदार पौधे का रोपण करने की अपील भी किया।

***कमिश्नर ने मेंडियारास के बिरसा मोहल्ला के ग्रेवल रोड का किया निरीक्षण***

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास के दूर बसाहट बिरसा मोहल्ला निर्माणाधीन ग्रेवल सड़क का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने सड़क को समय सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने बिरसा मोहल्ला के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# साइबर ठग ने अजीब तरह की ठगी अनूपपुर के जैतहरी निवासी कमलेश कुमार ताम्रकार के साथ

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** जैतहरी निवासी कमलेश कुमार ताम्रकार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर उपस्थित होकर इस आशय का शिकायत पत्र प्रस्तुत किया है कि दिनांक 30/04/2024 के 11:00 बजे दो अज्ञात मोबाइल नंबर +92344-2224195 एवं +923271799438 से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से बोला गया कि आपके बेटे अबिन ताम्रकार को रेप केस में पकड़ लिया गया है आपका बेटा पुलिस रिमांड में है। मेरे बेटे का फर्जी आवाज सुनाया गया, जिसमें मेरा बेटा बार-बार बोल रहा था कि *पापा मेरे को बचा लो* उसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बोला गया कि हम आपके बेटे को जेल जाने से बचा लेंगे इस प्रकार से धोखाधड़ी करते हुए यूपीआई के माध्यम से विभिन्न खातों में 3,60,000/ - रु जमा करवा लिया गया है। उक्त शिकायत को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल अनूपपुर को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर साइबर सेल अनूपपुर के द्वारा आरोपियों के समस्त खातों को फ्रीज करते हुए, आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा रही है। शिकायत के संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा बताया गया कि यह एक विशेष प्रकार का अपराध है जो वर्तमान में देखने को मिल रहा है जिसमें आपके बच्चे जो आपसे दूर शहर में पढ़ाई कर रहे हैं उनको किसी अपराध में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की बात कह कर लोगों से पैसों की ठगी की जा रही है। ऐसे अपराधियों का कार्य प्रणाली - ऐसे माता-पिता जिनके बच्चे विदेश में या उनसे दूर किसी बड़े शहर में पढ़ाई करते हैं उन्हें साइबर जल साजों द्वारा कॉल किया जाता है कि वह कोई पुलिस अधिकारी या वकील है ।जो उसे क्षेत्र के पुलिस थाने से बात कर रहे हैं जहां आपका बच्चा पढ़ाई कर रहा है तथा आपके बच्चे को एक बड़े कैस में जैसे बलात्कार,मर्डर या नारकोटिक्स आदि में गिरफ्तार किया गया है । जालसाज कहते हैं कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है यदि आप उसे बचाना चाहते हो तो उसके द्वारा बताई गई राशि किसी खाते में या यूपीआई के माध्यम से भेज दें। अधिकांशत बच्चे कॉलेज या कोचिंग में व्यस्त होने के कारण उसे दौरान कॉल नहीं उठाते और माता-पिता को लगता है कि उनके बच्चे के साथ वाकई में कोई घटना घटित हो गई है। इसके अतिरिक्त जालसाजो द्वारा नवीन तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर बच्चों की आवाज कॉल पर सुनाई जाती है । जिसको सुनकर माता-पिता को विश्वास हो जाता है कि उनके बच्चों को वाकई किसी पुलिस अधिकारी ने पकड़ रखा है और वह उसे संदिग्ध व्यक्ति जो स्वयं को पुलिस अधिकारी या वकील बताता है को बड़ी राशि ट्रांसफर कर देते हैं इस प्रकार आपसे आपके खाते में उपलब्ध अच्छी खासी रकम जमा करा ली जाती है।

सावधानियां- 1. अनजान नंबर से आने वाले कॉल व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल टेलीग्राम कॉल ना उठाएं विशेषता जो नंबर +92 से शुरू होते हैं।

02. अनजान व्यक्तियों पर सामान्य तौर पर विश्वास ना करें ,उन्हें अपने परिवार एवं बच्चों संबंधी जानकारी ना दें, हो सकता है वह आपके परिवार की जानकारी प्राप्त कर आपको परेशान करें।

3. परिवार का कोई व्यक्ति, बच्चा यदि पढ़ाई,नौकरी हेतु किसी अन्य शहर में जाते हैं तो संबंधित स्कूल,कॉलेज, कोचिंग,संस्थान,कार्यस्थल एवं उस क्षेत्र के थाने का नंबर अपने पास रखें। जिससे किसी घटना होने पर उनसे संपर्क अथवा वेरीफाई किया जा सके।

4. यदि कोई व्यक्ति कॉल पर स्वयं को पुलिस अधिकारी या वकील बता रहा है तो एकदम उसकी बात का विश्वास ना करें।

5. यदि आपके साथ कोई साइबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या हेल्पलाइन नंबर टोल फ्री 1930 पर करें।

# अंतर्विभागीय व्यवसायिक समन्वय: एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण हेतु आशा की किरण

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल ज़ोन डी.सी. सागर द्वारा जिला अनूपपुर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत पंजीबद्ध अपराधों की समीक्षा बैठक निम्नलिखित बिन्दुओं पर की गई-

1. विवेचना से संबंधित अभियोजन की विधिक राय
2. अपराध के पीड़ितों का राहत प्रकरण
3. पीड़ितों के जाति प्रमाण पत्र
4. अपराधों का विधिवत् चालान

इस समीक्षा बैठक में एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इरशाद मंसूरी, एजीपी पुष्पेन्द्र मिश्रा, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अशोक शर्मा, तहसीलदार अनूपपुर गौरी शंकर शर्मा, थाना प्रभारी अजाक अनूपपुर आर.के. धारिया, उपनिरीक्षक पीडी आंधवान, स.उ.नि.- आरपी चतुर्वेदी, अकबर खान, अजीत सिंह, प्र.आर. - ब्रजभान सिंह, अखिलेश तिवारी, राज कुमार रैदास, आरक्षक गण - संदीप धुर्वे, विनीता धुर्वे, प्रज्ञा गौतम एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी के साथ उक्त बिन्दुओं पर चर्चा कर निम्नलिखित निर्देश दिए गएः- 1. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत अपराध कायमी के तुरंत बाद



एफआईआर की सूचना संबंधित विभागों को दी जाये और इसकी प्रतिलिपि पुलिस के वरिष्?ठ अधिकारियों को भी दी जाये ताकि संबंधित विभागों द्वारा प्रकरण में समुचित कार्यवाही शीघ्र की जा सके। साथ ही अंतर्विभागीय समन्वय बना रहे। 2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अपराध के कायमी की सूचना प्राप्त होने पर, फरियादी का जाति प्रमाण पत्र न होने पर राजस्व विभाग द्वारा शीघ्र जाति प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित आवश्यक कार्यवाही की जाये जिससे आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा पीड़ित को विधिवत् राहत राशि का भुगतान शीघ्र किया जा सके। 3. पुलिस अधिकारियों द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पीड़ितों के लिए निर्धारित राहत राशि के प्रकरण नियमानुसार शीघ्र आदिम जाति कल्याण विभाग को भेजे जायें जिससे पीड़ितों को राहत राशि समय पर प्राप्त हो सके। 4. पुलिस द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में विवेचना के दौरान अभियोजन शाखा से प्रकरणों की स्क्रूटनी करवायें और स्क्रूटनी की तामीली को विवेचना का हिस्सा बनायें ताकि विवेचना में वैज्ञानिक/फोरेंसिक साक्ष्य संकलन, परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं साक्षियों के कथन व्यवसायिक दृष्टि से सुसंगत हो सकें। 5. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के लंबित अपराधों की विवेचना पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी के अनुसार सुनिश्चित करें। 6. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में अंतर्विभागीय व्यवसायिक समन्वय के लिए पुलिस, अभियोजन, राजस्व एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों का व्हॉट्सअप ग्रुप भी बनाया गया, जिससे सभी विभागीय अधिकारी आपस में सम्पर्क में रहकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरण संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान कर सकें।

अंतर्विभागीय व्यवसायिक समन्वय के लिए डीसी सागर द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित प्रकरणों में कार्यरत सभी उपस्थित अधिकारियों में एक नवीन प्रेरणा का संचार निम्नलिखित पंक्तियों के माध्यम से कियाः

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

# मरीजों को मिले बेहतर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ: कलेक्टर

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में मरीज को बेहतर चिकित्सा की सुविधा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का अमला चिकित्सकीय सेवा में और अधिक ध्यान दें। चिकित्सा विभाग में चल रहे सभी योजनाओं एवं कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चिकित्सकीय अमला अपने-अपने क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया अभियान के अंतर्गत सिकल सेल से प्रभावित लोगों के स्क्रीनिंग कार्य में तेजी लाते हुए और अधिक प्रगति लाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



- सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य में और अधिक प्रगति लाएं
- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का हुआ आयोजन

कलेक्टर ने वीएचएसएनडी के दौरान सिकल सेल जांच करने को भी कहा। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं हाई रिस्क डिलीवरी जैसे प्रकरणों, डिलीवरी डेट के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने निःशुल्क दवा योजना तथा निःशुल्क जांच योजना तथा चिरंजीवी स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत अंतर्गत बनाए गए कार्ड, बीमा योजना सहित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण सहित टीबी रोकथाम कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा कर आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति वाले ब्लॉकों को स्वास्थ्य सेवाओं में दिये गये लक्ष्य में शत-प्रतिशत सुधार करने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, रूटीन टीकाकरण के अलावा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों, स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निमार्णाधीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी एनआरसी खाली नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं बच्चों के ग्रोथ पर संबंधित अधिकारी विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों के टीकाकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण जांच की सुविधा की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि एचएमटीएस पोर्टल पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाएं पोर्टल पर अपडेट न होने पर सम्बन्धित को पोर्टल अपडेट करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य संबंधी अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।

# ग्रीष्मकालीन समर कैम्प की सामूहिक योगाभ्यास से हुई शुरुआत

**खेल प्रशिक्षकों, पीटीआई ने प्रतिभागियों को प्रदान किया प्रशिक्षण**

**अनूपपुर।** जिले के सभी विकासखण्डों में आज ग्रीष्मकालीन समर कैम्प की शुरुआत की गई। प्रातःकाल सामूहिक योगाभ्यास, पीटी से कार्यक्रम का आगाज किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशानिर्देशानुसार समर कैम्प में विविध खेलों के आयोजन हेतु खेल प्रशिक्षकों की तैनातगी की गई है। जिले के जैतहरी विकासखण्ड अंतर्गत





अमलाई कालरी स्टेडियम, पटनाकला मैदान, चचाई स्टेडियम, मेडियारास मैदान, मेकल क्लब खेल परिसर, उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान व एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के खेल मैदान, उत्कृष्ट जैतहरी स्कूल के खेल मैदान में तथा अनूपपुर विकासखण्ड अंतर्गत राजनगर स्टेडियम, भालूमाड़ा स्टेडियम, जमुना कालरी स्टेडियम तथा बैडमिन्टन हाल में इसी प्रकार विकासखण्ड कोतमा में लहसुई स्टेडियम कोतमा, बिजुरी स्कूल मैदान, विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ में क्रीड़ा परिसर मैदान में, भेजरी मैदान, लखौरा मैदान, करपा मैदान में खेल विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प में 31 मई तक खेलकूद, सांस्कृतिक, चित्रकला व मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा। समर कैम्प में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के खेल प्रशिक्षकों, पीटीआई द्वारा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## पृष्ठ एक का शेष

***प्रधानमंत्री मोदी को ज्योतिरादित्य सिंधिया...***

और भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है। जैसे भगवान श्रीराम को राम राज्य स्थापित करने में एक सेना की जरुरत थी वैसे ही मोदी जी को भारत को विश्व गुरु बनाने में ज्योतिरादित्य सिंधिया की जरुरत है। और प्रधानमंत्री मोदी जी को सबसे योग्य व्यक्ति चाहिए जो ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। प्रदेश और देश के भले के लिए ज्योतिरादित्य को वोट देना जरुरी जरुरी।

**सिंधिया ने बुआ उमा भारती को किया धन्यवाद**

सभा में आने के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उमा भारती का धन्यवाद किया और बोला कि मेरी आजिअम्मा राजमाता और उमा भारती जी का दिल का रिश्ता। मेरी 4 नहीं 5 बुआ हैं। भाजपा सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए आने महत्वपूर्ण कदम उठाये है, अभी हाल में ही जब ओला वृष्टि हुई तब मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के मदद से हमने 48 घंटो के अंदर सर्वे कर किसानों को मुआवजा राशि दिलवाई थी, इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ पर भाजपा की डबल इंजन सरकार में संभव हुआ है।

# शिवराज सिंह चौहान को 11 लाख मतों से विजय दिलाने हेतु लोकसभा प्रभारी राजाराम शिवहरे का सघन जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**विदिशा।** विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को 11 लाख मतों से विजय दिलाने हेतु पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग के प्रभारी एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र विदिशा के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर शिवराज सिंह चौहान को 11 लाख से अधिक मतों से जिताने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा किया। उन्होंने गांव-गांव जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। बैठकों में सभी प्रबुद्धजनों से समाज प्रमुखों से निवेदन किया कि आगामी आने वाली 07 मई को सूरज की पहली किरण के साथ मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को 11 लाख से अधिक मतों से विजय बनाना है। इस हेतु आपको प्रातः से लेकर मतदान सम्पन्न होने तक हर घर से मतदान कराने हेतु प्रयास करना है। हर घर जाकर के निमंत्रण करना है। मतदाताओं को जागरूक करना



है कि आपको वोट डालने जरूर जाना है और वोट आपका भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जाए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में जाये। सभी ग्राम वासियों से संपर्क किया निवेदन किया कि आप अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने जाएं आपके ग्राम का 100 प्रतिशत वोट भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हो ऐसा सभी से निवेदन कर मतदान करने की पुरजोर अपील की राजाराम शिवहरे के साथ भारतीय जनता पार्टी नवदापुरम संभाग के संभागीय कार्यालय मंत्री हंसराय, देवेंद्र शर्मा, रघुवीर सिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, ओम प्रकाश लोधी, धनीराम धाकड़, संतोष कुमार धाकड़, तुलसीराम लोधी, हरि सिंह धाकड़, परमानंद, हरनाम सिंह ,शंकर, बलवीर सिंह धाकड़, खुशी लाल पटेल, कुलदीप धाकड़, प्रवीण लोधी, धर्मेंद्र कुमार धाकड़, चंद्र सिंह लोवंशी, हरिराम लोधी, अमिन सिंह पटेल, कोमल सिंह, संदीप, दीपक लोधी, पवन ठाकुर, जितेंद्र सिंह, रोहित गौर, विकास पटेल, हर प्रसाद, अंकित, योगेश, हरिशंकर,व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी ने मतदाताओं से एवं ग्रामवासियों से भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की और क्षेत्र के विकास हेतु शिवराज सिंह चौहान को 11 लाख से अधिक मतों से जीतने का निवेदन किया।



# एसिड के टेंकर में भरकर लाई गई 52 लाख की शराब जब्त






**ग्वालियर।** लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए लाई जा रही आधा करोड़ से ज्यादा की अंग्रेजी शराब से भरा कंटेनर पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्करों द्वारा शराब को सलफ्यूरिक एसिड के कंटेनर में भरकर लाया जा रहा था। पुलिस ने कंटेनर में से 702 अंग्रेजी शराब की पेटी बरामद की हैं। पकड़ी गई शराब की कीमत 52 लाख रूपये से बताई गई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पहुंचाया और चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में इतना पता चला है कि कंटेनर राजस्थान के सीकर से आ रहा था।

एसपी धर्मवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि महाराजपुरा थाना पुलिस ने हाईवे स्थित वायपास से सलफ्यूरिक एसिड के कंटेनर में भरकर लाई गई 702 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कंटेनर को जब्त कर लिया है। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब को तस्करी कर लाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने शहर के सभी हाइवे पर पुलिस चेकिंग लगाई और हर आने जाने वाले ट्रक व लोडिंग की जांच शुरू की। एक टीम को महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में हाईवे पर चैकिंग के लिये लगाया गया और पुलिस की टीम जब हर आने जाने वाले वाहन पर नजर रख रही थी। तभी मुरैना की तरफ से मुखबिर के बताये अनुसार आयशर कंपनी का टैंकर क्रमांक आरेजी14जीपी 0490 आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस कर्मियों ने जब रोकने का प्रयास किया तो चालक ने अपना वाहन रोकने के स्थान पर भगाना शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस को शंका हुई और कंटेनर का पीछा कर रोक लिया।

जिस कंटेनर को पुलिस ने रोका था, उसे देखते हुए पुलिसकर्मियों को भी डर लग रहा था, क्योंकि उस पर सलफ्यूरिक एसिड का टेग लगा था। चालक भी पुलिस को एसिड होने और दुर्घटना होने की चेतावनी दे रहा था, पुलिसकर्मियों ने हिम्मत दिखाई और उस पर चढ़कर चेक किया तो उनके होश उड़ गए, क्योंकि पूरा कंटेनर शराब से भरा हुआ था। शराब बरामद होते ही पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कंटेनर को कस्टडी में लेकर थाने पहुंचा दिया। पुलिस ने पकड़े गए चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अचला राम पुत्र राजू निवासी बाड़मेर जिला राजस्थान बताया है और साथ ही बताया कि वह शराब की खेप राजस्थान के सीकर से लेकर आ रहा था। पुलिस ने कंटेनर से शराब जब्त कर जब गिनती की तो पुलिस को ऑफीसर चोइस की 175 पेटी, ऑफीसर च्वाइस क्वार्टर की 200 पेटी, ग्रीन लेबल की 100 पेटी, ग्रीन लेबल क्वार्टर की 40 पेटी, व्हाइट बोदका की 165 पेटी, रॉयल बोदका 9 पेटी, ड्यून बोदका की 3 पेटी एवं किंगफिशर बीयर की 10 पेटी बरामद हुई। जिनकी कीमत करीब 52 लाख रुपए से ज्यादा है। पुलिस कंटेनर चालक से पूछताछ कर रही है।

# सावधान: सवारी वाहनों में जेबकट सक्रिय

## - चार दिन में 25 लाख का सोना पार

**ग्वालियर।** शहर में सवारी वाहनों में यात्रा करना अब आमजन के लिये मुसीबत भरा हो गया है, क्योंकि शहर में सक्रिय महिला और पुरूष जेबकट सवारी वाहनों में बैठकर यात्रियों की जेबें तराश रहे हैं। इस समय शहर में महिला और बच्चों का एक गिरोह सक्रिय है और यह गिरोह पलक झपकते ही आपके गहने पार कर सकते हैं। चार दिन में इस गिरोह ने चार वारदातों को अंजाम देकर करीब 25 लाख रुपए के जेवर पार कर पुलिस की नींद उड़ा दी है। सबसे खास बात यह है कि यह गिरोह दो थाना क्षेत्रों के बीच में वारदात को अंजाम देता है, जिससे फरियादी उलझा रहे और वह आसानी से वारदात कर निकल सकें।

शहर में सक्रिय इन चोरों के गिरोह के निशाने पर सवारी वाहन रहते हैं और उनकी नजर उन महिलाओं पर रहती है, जो शादी-विवाह या अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जा रही होती हैं, क्योंकि उनके पर्स में जेवर रहते हैं और इसके लिए यह गिरोह रेलवे स्टेशन बजरिया, रोडवेज बस स्टैंड, गोला का मंदिर प्राइवेट बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक ऐसे स्थान जहां दूसरे शहर व प्रदेश से लोग आते हैं वहां पर अपने शिकार को चुनते हैं और जैसे ही वह इसमें सवार हुए, यह गिरोह भी उनके साथ सवार हो जाता है और जैसे ही इनका काम होता है, यह वाहन को छोड़ देते हैं और जब तक पीडित को इसका पता चलता है, यह वहां से रफूचक्कर हो जाते हैं। वारदात का शिकार हुए पीडित को सबसे ज्यादा परेशानी वहां पर आती है, जब पीडित वारदात के बाद अपनी शिकायत लेकर थाने जाता है तो यहां पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे एक थाने से दूसरे थाने भेजते हैं, क्योंकि फरियादी सवारी वाहन में सवार होता है तो वहां अलग थाने की सीमा होती है, और जहां वह उतरता है और वारदात का पता चलता है वह अलग थाना होता है। कई बार चोरी के एक या दो दिन बाद फरियादी इसी तरह परेशान होता है। एक थाने से दूसरे थाने के चक्कर काटता है। जब तक मामला दर्ज होता है पुलिस हरकत में आती है चोरी की घटना को 2 से 3 दिन हो चुके होते हैं। दो वारदातें पड़ाव थाने में दर्ज हुई हैं, जिसमें शादी समारोह में आई महिलाओं के लाखों रुपए के जेवर इस गिरोह ने पार किए हैं।

जबकि एक घटना गोला का मंदिर थाने में दर्ज हुई है और चौथी वारदात कंपू थाना क्षेत्र में अंजाम दी गई है। पुलिस इन गिरोहों को तलाशने के लिये सीसीटीव्ही कैमरें तो खंगालती है, लेकिन कुछ समय बाद हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाती है और फिर यह चोर गिरोह सक्रिय होकर वारदातों को अंजाम देना शुरू कर देते हैं।

# कुआं में गिरकर वृद्ध की मौत, मर्ग कायम

**ग्वालियर।** एक बुजुर्ग की कुआं में गिरने से मौत हो गई। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डांग गुठीना में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। घटना का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल और एसडीआरएफटीम को मौके पर बुलाया और बुजुर्ग को कुंअ से निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मालनपुर निवासी सत्तर वर्षीय आदीराम कुशवाह पुत्र रतन कुशवाह बीते रोज किसी काम से डांग गुठीना गांव में आया था। यहां पर वह एक कुंआ में गिर गया। घटना का पता उस समय चल जब वह शाम के बाद भी घर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो कुंआ के पास बुजुर्ग का जूता पड़ा मिला। जूता मिलते ही परिजनों ने कुंआ में झाका तो वह कुंआ में नजर आया। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी तो थाना प्रभारी महाराजपुरा धर्मेन्द्र यादव, एसआई बृजेश भार्गव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कुआ की गहराई को देखते हुए एसडीआरएफ व दमकल अमले को बुलवााया। दमकल अमले और एसडीआरएफने मौके पर रेस्क्यू चलाकर आदीराम कुशवाह को बाहर निकला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक का शव पीएम हाउस पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

### मरीज की मौत पर परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के बरेठा पर दो दिन पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसे का शिकार हुए हरीशचंद्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हरीशचंद्र की मौत के बाद उसके परिजनों ने चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक हजार बिस्तर अस्पताल में हंगामा कर दिया। हंगामा का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कामय कर मामले की जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए।

# ट्रेन से उतरने के बाद पुलिस को दिया चकमा, लेकिन पहुंचा हवालात

**ग्वालियर।** चार साल से चकमा दे रहा बदमाश बीते रोज ग्वालियर पहुंचा तो पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़ा गया आरोपी ट्रेन से उतरकर मानसिंह प्रतिमा तक पहुंचा था कि तभी पुलिस ने उसे घेर लिया और हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया है। अब पुलिस पकड़े गए अरोपी से पूछताछ में जुट गई है।

पड़ाव थाना प्रभारी इला टण्डन ने बताया कि पड़ाव निवाासी जितेन्द्र बाथम पुत्र कल्लू बाथम पुराना बदमाश है और कई मामलों में फरार चल रहा था। कई बार उसकी तलाश में पुलिस टीमों ने ग्वालियर के साथ ही अन्य जगह उसे तलाशा। लेकिन वह नहीं मिला। तभी पुलिस को सूचना मिली कि जितेन्द्र ग्वालियर आने वाला है। इसका पता चलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और स्टेशन पर एसआई संतोष सिंह भदौरिया के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को लगाया। स्टेशन पर पुलिस फोर्स को देखते ही जितेन्द्र दूसरे रास्ते से मंशापूर्ण मंदिर के पास होते हुए बाहर निकल गया। जब ट्रेन निकल गई और आरोपी नहीं मिला तो पुलिस ने सर्चिंग कराई तो जितेन्द्र मानसिंह प्रतिमा के पास जाता हुआ नजर आया। तुंरत ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने पकड़े जाने से बचने के लिए पिछले चार साल से अपना पुराना नंबर चालू नहीं किया था और अपने परिजनों तक से बात नहीं की थी। पुलिस अब उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि उसने फरारी कहां-कहां पर काटी थी।

# अस्पताल के बाहर घूमता मिला जिलाबदर

**ग्वालियर।** वारदात करने के लिए एक निजी अस्पताल में घूम रहे जिलाबदर को गोला का मदिर थाना पुलिस ने दबोचा है। पकड़े गए जिला बदर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद कुछ अन्य घटनाओं का खुलासा हो सकता है। टीआई गोला का मंदिर राज कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक जिलाबदर किया गया बदमाश कृष्णा कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में आया हुआ है। इसका पता चलते ही एसआई अनुराग सिह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम को जिलाबदर को पकडने के लिए पहुंचाया। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा। जिसका पीछा किया और उसे खादी मैदान से दबोच लिया। पकड़े गए संदेही से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका नाम लल्ला उर्फमुनेन्द्र सिंह तोमर पुत्र उदल सिंह तोमर निवासी रचना नगर है। नाम पता चलते ही पुलिस उसे लेकर थाने आई और पूछताछ शुरू कर दी है कि वह किस वारदात को अंजाम देने के लिए आया था।

# स्कार्पियो में कटटा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ा

**ग्वालियर।** स्कार्पियो में सवार होकर वारदात की नीयत से कटटा लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिजोर्रा थाना पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बदमाश से 315 बोर का देशी कट्टा, 02 जिंदा राउंड व एक सफेद रंग की स्कार्पियो गाड़ी जप्त की है। पुलिस पकड़े गये बदमाश से पूछताछ कर रही है।

थाना गिजोर्रा पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की स्कार्पियो कार में एक व्यक्ति अवैध हथियार लिये हुए सिंहपुर की तरफ से गिजोर्रा मेहगांव की ओर जा रहा है।



सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर स्कार्पियो चालक को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम ध्यानेन्द्र सिह पुत्र सुरेन्द्र सिंह चौहान निवासी ग्राम रूरई याना आलमपुर जिला भिण्ड हाल निवासी न्यू सारिका नगर थाटीपुर जिला ग्वालियर' का रहने वाला बताया। पकड़े गये वाहन चालक की तलाशी लेने पर उसकी कमर में 315 बोर का देशी कट्टा खुरसा हुआ मिला एवं पुलिस टीम द्वारा स्कार्पियो वाहन की बारीकी से चेकिंग की गई तो ड्राइवर सीट के नीचे 2 जिंदा राउंड मिले। पुलिस पकड़े गये बदमाश से पूछताछ कर रही है।

## वारदात की नीयत से कटटा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ा

**ग्वालियर।** वारदात को अंजाम देने के लिए कट्टा लेकर आए एक बदमाश को पुरानी छावनी थाना पुलिस ने अटल गेट के पास से पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। टीआई पुरानी छावनी विनय सिंह तोमर ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए अटल गेट के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आया है। सूचना पर पुलिस टीम को तस्दीक के लिए पहुंचाया तो एक युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा, जिसका पीछा कर पुलिस ने उसे दबोचा लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम दीपू उर्फसुखवीर सिंह गिल पुत्र गुरूदयाल गिल निवासी आनंद नगर बहोड़ापुर का बताया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## जेयू में निशुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर 9 से

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय एवं भारतीय योग संस्थान नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में पाँच दिवसीय निःशुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर 9 से 13 मई तक प्रातः 6 से 8 बजे तक विश्वविद्यालय के योग विज्ञान केन्द्र शारीरिक शिक्षण अध्ययनशाला में आयोजित होगा। शिविर में पंजीयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। शिविर प्रभारी एवं जिला मंत्री भारतीय योग संस्थान प्रो. सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में जन सामान्य भाग लेकर इस शिविर का लाभ उठायें। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो0 अविनाश तिवारी द्वारा 9 मई गुरूवार को प्रातः 6 बजे से योग विज्ञान केन्द्र शारीरिक शिक्षण अध्ययनशाला में किया जाएगा।

## हमें अपने श्रमिक भाई बहनों का भी सम्मान करना चाहिए: डॉ वंदना प्रेमी

**ग्वालियर।** बेटी है तो कल है समाजिक संस्था ने मजदूर दिवस पर



तानसेन रोड स्थित इंस्ट्रियल एरिया में कार्य करने वाली महिला मजदूरों को सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी, संजय धवन, अशोक प्रेमी, श्रमिक कालीचरण उपस्थित थे। इस अवसर पर संजय धवन ने कहा की संस्था द्वारा निरंतर महिलाओं एवं बेटियों के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे है। वही संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा महिलाएं किसी भी कार्य में पीछे नहीं है चाहे वह शिक्षा का कार्य हो या मजदूरी का जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण करती है। आज के दिन यही कहना चाहूंगी कि हमें अपने श्रमिक भाई बहनों का भी सम्मान करना चाहिए। तत्पश्चात सभी महिला मजदूरों को माला पहनाकर, साड़ी, मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया।

## श्रमिक दिवस पर 12 श्रमिक भाइयों का किया सम्मान

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा समर्पण ने 1 मई अंतरराष्ट्रीय



श्रमिक दिवस पर महाराज बाड़े पर 2 मिनिट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम के दौरान 12 श्रमिक भाईयों को एक-एक टावल, माला पहनाकर, श्रीफल देकर सम्मानित किया। श्रमिकों का सम्मान अध्यक्ष गुलाब प्रजापति, संस्थापक संजय धवन, सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश धीमान द्वारा किया गया । इस मौके पर संजय धवन ने कहा कि पसीनों की स्याही से लिखते हैं इरादों को। उसके मुक्कदर के सफेद पन्ने कभी कोरे नहीं होते। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल, महेश धीमान, महेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल,कमल रजक, सुरेश अरोरा, पन्नालाल निरंकारी, पूरन वागरे, डॉ राकेश खरे, विजय, बसंत कोडेला, अशोक जैन, पूजा अरोरा आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने 45 आपराधिक तत्वों के खिलाफ की कार्रवाई

## - 8 आदतन अपराधी जिलाबदर और 37 को थाना हाजिरी के आदेश

**ग्वालियर।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आपराधिक तत्वों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के 45 लोगों के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है।

जिला दण्डाधिकारी ने 8 आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। साथ ही 28 लोगों को बाउण्ड ओवर कर संबंधित पुलिस थाने में हाजिरी देने के आदेश दिये गए हैं। इसके अलावा आपराधिक प्रवृत्ति के 9 अन्य व्यक्तियों को भी बाउण्ड ओवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने और लोक शांति व जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान ने यह आदेश जारी किए हैं। जिलाबदर किये गये अपराधी को जिले से बाहर जाने के बाद हर माह अपने निवास स्थान की सूचना रजिस्टर्ड डाक से संबंधित पुलिस थाने को अनिवार्य रूप से देनी होगी। इसी तरह सदाचार बरतने के आदेश जिन अपराधियों को दिए गए हैं उन्हें निर्धारित तारीख को संबंधित पुलिस थाने में अपनी हाजिरी देना होगी।

***इन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर***

जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा आदतन अपराधी रामआसरे पुत्र लाखन उर्फ लक्का निवासी बडैरा आंतरी, आकाश उर्फ अक्कू पुत्र मोहन बाल्मीकि निवासी लक्ष्मीगंज, मनीष सिंह पुत्र विनोद भदौरिया निवासी हजीरा, रिहान उर्फ हनुमंत पुत्र रणवीर उर्फ खीरा निवासी ढोली बुआ का पुल, कल्लू उर्फकमलेश पुत्र ओमप्रकाश शर्मा ग्राम सहारन, रंजीत उर्फराणा पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर निवासी लक्ष्मण तलैया, राजू पुत्र सीताराम परिहार निवासी सिंधिया नगर एवं कल्लू उर्फ राहुल सिकरवार पुत्र अतिवीर सिंह निवासी घासमंडी को 3 दू 3 माह की अवधि के लिये जिला बदर करने के आदेश जारी किए गए हैं।

***इन्हें देनी होगी थाने में हाजिरी***

आपराधिक प्रवृत्ति के जिन लोगों को संबंधित थाने में हाजिरी देने के आदेश दिए गए हैं, उनमें राकेश पुत्र भगवानदास शिवहरे निवासी जीवाजीगंज लश्कर, सईद खान पुत्र सुलेमान खान निवासी चकरायपुरा, नानू उर्फआशिक उर्फआसिफअली पुत्र मुशर्रफ अली निवासी इन्द्रानगर अवाड़पुरा, मुरादी खान पुत्र गगें खान निवासी चकरायपुर, गजेन्द्र बघेल पुत्र हरिप्रसाद निवासी ग्राम किठोरा, दीपक पुत्र रामू जाटव निवासी भितरवार, बादाम सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम डबका, रामाधार पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम मढा, रघुवर पुत्र कैलाश बाथम निवासी भितरवार, अतर सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी ग्राम बरौआ, बेटू उर्फ आजाद पुत्र शहजाद खान निवासी करहिया, ओमप्रकाश रावत पुत्र सरमन सिंह निवासी ग्राम स्याहू, मूरत सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम दुबई, टुण्डा उर्फ इन्दर सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम ईटमा, रामेश्वर रावत पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम ईटमा, प्रेम सिंह पुत्र बुद्धुराम निवासी मेहरीचक, मुलायम पुत्र बाबू सिंह निवासी सिरोल, धर्मेन्द्र रावत पुत्र गोपाल रावत ग्राम आदमपुर, अनिल शर्मा पुत्र बालकिशन निवासी भितरवार, आकाश पुत्र छटई बाल्मीकि, गिल्लू उर्फबलवीर रावत पुत्र सोवरन सिंह निवासी डबरा, राजू पुत्र छोटे खान निवासी गुप्तापुरा डबरा, अंकुश साहू पुत्र बालकिशन निवासी अम्बेडकर कॉलोनी, बल्लू उर्फइकबाल खां पुत्र ईस्माईल खान निवासी बहोड़ापुर, योगेश डण्डौतिया पुत्र मोहन बाबू निवासी ग्राम खेरियापदमपुर, खुशाली पुत्र कमल सिंह, शमशाद खान पुत्र मुन्ना खान निवासी हुजरात एवं सोनू उर्फ करतार यादव पुत्र बालकिशन निवासी गोसपुरा शामिल हैं।

***इन्हें किया बाउण्ड ओवर***

देवेन्द्र उर्फ कल्लू जाट पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जिगनियां, सतेन्द्र रावत पुत्र नरेन्द्र रावत निवासी डबरा, भल्ला उर्फ जगपाल पुत्र गोपाल सिंह, ललित उर्फ बल्ली पुत्र नवलकिशोर निवासी गोल पहाड़िया, जस्सू उर्फ जसवंत पुत्र महाराज सिंह निवासी वीरपुर, जयेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम चांदपुर, हेमेश पचौरी पुत्र आनंद उर्फ लल्ला निवासी ग्राम खेरी नटवा, रामवीर उर्फ राजकुमार पुत्र गब्बर सिंह निवासी अलापुर एवं जाहिद पुत्र बली निवासी गोलदांज मोहल्ला के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया मतदाता पर्ची वितरण महाअभियान का शुभारंभ

**ग्वालियर ।** भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 33 संत रविदास मंडल में फग वाला चौक क्षेत्र में मतदाता पर्ची वितरण



महा अभियान कार्यक्रम प्रारंभ किया। वहीं हेमूकालानी मंडल के वार्ड 40 में जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह एवं जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने वार्ड 53 में मतदाता पर्ची वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि आज से अपने मतदाता भाई बहनों के बीच पर्ची बांटने का प्रारंभ किया है। पर्ची से मतदाता को जानकारी मिल जाती है। हम पर्ची के माध्यम से संपर्क करके यह आग्रह जरूर कर रहे है कि वोट जरूर डालें और देश के समृद्धि और विकास के काम को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। इस अवसर पर उनके साथ संत रविदास मंडल के अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, पप्पू बडौरी, राकेश रायजादा, कमलेश कौरव, महामंत्री सतीश खटीक, भीकम खटीक, वार्ड की पार्षद सुनीता कुशवाह, वार्ड 36 की पार्षद भावना खटीक, वार्ड अध्यक्ष वीर सिंह राजपूत, रजनी गोड़िया, सुनीता गौड, किरण बाथम, बूथ अध्यक्ष कुलदीप पचौरी, इंद्रजीत गायकवाड़, बृजेश शर्मा, शैलेष जैन, सुरेंद्र कौर, भगवती जाटव, शशि जोशी, माताप्रसाद गोलरिया, राजेंद्र सेंगर, अंजू दीक्षित, अमन जोशी उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**ग्वालियर ।** निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने बुधवार को शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर



गुणवत्तापूर्ण के साथ कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने नवीन पड़ाव पुल के नीचे खाली स्थान पर बनाई जा रही वॉल पेंटिंग एवं ग्रीनरी और लाइटिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की यह कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही कार्य गुणवत्ता पूर्ण किया जाए, जिससे आमजनों को परेशानी ना हो। इसके बाद निगमायुक्त श्री सिंह ने अलापुर स्थित निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को देखा और सड़क कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाटीपुर स्थित पीएचई वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, सिटी प्लानर पवन सिंघल उपस्थित रहे।

## एक हजार बिस्तर अस्पताल को रेफ्रिजरेटर और वाटर कूलर भेंट किये


**ग्वालियर।** जयारोग्य समूह के एक हजार बिस्तर अस्पताल को हरदौल



सरकार ओरछा द्वारा तीन रेफ्रिजरेटर और एक कूलर दान में दिये गये। इन रेफ्रिजरेटर और कूलर को बुधवार को अस्पताल अधीक्षक डा. आरकेएस धाकड ने उप अधीक्षक डा वीरेन्द्र वर्मा ने अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके साथ आने वाले अटेंडरों के लिए सौंपा। उन्होने अस्पताल में आने वाले मरीजों को अपने हाथों से पानी पिलाकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। तीन रेफ्रिजरेटर और एक कूलर देने के लिये अस्पताल अधीक्षक डा आरकेएस धाकड ने हरदौल सरकार का आभार माना है।

## वोट यात्री: एसपी आफिस पर लगा कटआउट आकर्षण का केन्द्र बना

**ग्वालियर।** ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर लगा एक पोस्टर



कटआउट इस समय सभी के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यह पोस्टर सिटी सेंटर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर लगा है। इसमे लोगों से कहा गया है कि चंद्रयान तो चंद्रमा पर पहुंच गया आप मतदान केन्द्र पर पहुंच रहे हैं ना? इसमें अंतरिक्ष यान को प्रदर्शित कर अंतरिक्ष यात्री को वोट यात्री बताया गया है और कहा गया है कि ग्वालियर का वोटर सबसे ऊपर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आने वाले लोग इस अनूठे कटआउट को निहारे बिना नहीं रह पाते।

## पूर्व महापौर ने घर-घर बांटी पर्चियां



ग्वालियर। 17 ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के हेमू कालानी मण्डल के वार्ड क्र. 41 में मतदान पर्ची के घर-घर वितरण अभियान में पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने सम्मानित नेताओं के साथ घर-घर जाकर मतदान पर्ची बांटी। इस अवसर पर विवेक जोशी, महेन्द्र श्रीवास्तव, मुरारी मितल, अरूण बंसल, अनूप उदेनिया, जितेन्द्र जायसवाल सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

## महाराज बाडे से हटाया अवैध अतिक्रमण

**ग्वालियर।** निगम के मदाखलत अमले ने अभियान चलाकर बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। मदाखलत अधिकारी डॉ. अनुज शर्मा ने बताया कि महाराज बाडे पर सिंधी धर्मशाला, बीएसएनएल ऑफिस के सामने अवैध रूप से लगाए हुए हाथ ठेलों को जप्त किया और हिदायत दी गई ।

## ठगी की राशि क्राइम ब्रांच ने फरियादी के खाते में वापिस कराई



**ग्वालियर।** ठगों द्वारा एक युवक के खाते से उड़ाई गई एक रूपये से ज्यादा की रकम को क्राइम ब्रांच की साइबर विंग ने तुरंत कार्रवाई करते हुये फरियादी के खाते में वापिस करवाये। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि उन्हें विनोद कुमार निवासी ग्वालियर ने शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें उसने बताया था कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल करके स्वयं को एच.डी.एफसी बैक का कर्मचारी बताकर उसके खाते से एक लाख 46 हजार रुपये निकल लिये। पुलिस ने पीडित के आवेदन की जांच के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुये क्रेडिट कार्ड कम्पनी, बैंक व वॉलेट कम्पनी से तुरंत संपर्क कर फरियादी के खाते से एक लाख 46 हजार रुपये निकली राशि को तुरंत होल्ड कराकर फरियादी के खाते मे वापस करवाई।

## संपादकीय

# भारत के खिलाफ अलगाववाद पर जस्टिन ट्रूडो की नरमी से कनाडा-भारत संबंध प्रभावित होने की आशंका



एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है? एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। जब भी भारत की ओर से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रुख अपनाने या संरक्षण देने के आरोप लगाए जाते हैं, तो वहां की सरकार इससे इनकार करती है। मगर अक्सर ऐसे उदाहरण सामने आते रहते हैं, जिनसे साफ है कि कनाडा में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर खालिस्तान समर्थकों पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं होती। बल्कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्हें संरक्षण दिया जाता है। बीते रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए और वे उस पर मुस्कुराते रहे। गौरतलब है कि टोरंटो में मनाए गए 'खालसा दिवस' और 'सिखों के नव वर्ष' के कार्यक्रम में ऐसी नारेबाजी तब हुई जब ट्रूडो सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े। उस कार्यक्रम में ट्रूडो ने सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की कसम खाई। अपने देश में किसी व्यक्ति या समूह के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना अच्छी बात है, पर सवाल है कि जिस व्यक्ति या समूह के लिए यह बात की जा रही है, उसकी मंशा और राजनीति क्या है।

एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है? एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। ऐसे में चंद अलगाववादी तत्त्वों को प्रश्रय देकर ट्रूडो क्या दर्शाना चाहते हैं? स्वाभाविक ही ताजा मामले को लेकर भारत ने कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर सख्त विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक बार फिर उस राजनीतिक स्थान को दर्शाता है, जो कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिया गया है। ट्रूडो शायद इस बात से भी बेफिक्र दिखते हैं कि भारत के खिलाफ अलगाववाद पर उनकी नरमी दोनों देशों के संबंधों को किस स्तर पर प्रभावित कर सकती है।

# दलों के दल बल के सामने गायब होते निर्दलीय सांसद

**"निर्दलीय सांसदों के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि ऐसे बहुत सारे देशों में जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी मुकाबला मुख्यतः दो ही दलों के बीच होता है, वहाँ भी निर्दलीयों के लिए गुंजाइश बरकरार रखी गई है। अगर हम सिर्फ बड़े लोकतांत्रिक देशों की ही बात करें तो बाकी देशों के मौजूदा हाल भी कुछ अच्छे नहीं हैं। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में पांच और आस्ट्रेलिया के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में छह निर्दलीय हैं तो अमेरिकी सीनेट में सिर्फ दो ही निर्दलीय हैं और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में एक भी नहीं। न्यूज़ीलैंड के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में एक ही सीट निर्दलीय के पास है। वहीं जर्मनी की बुंडेस्टैग, स्वीडन की रिक्सडैग और ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में एक भी निर्दलीय जनप्रतिनिधि नहीं है। इस मामले में फ्रांस की नेशनल एसेंबली और जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स का स्कोर थोड़ा बेहतर है, जहां क्रमशः सत्रह और दस सीटें निर्दलीयों के पास हैं।"**



हमारे लोकतंत्र का संविधान सबको समान अवसर देने का भरोसा देता है। संसद में पहुंचने वाले निर्दलीय सांसद इस विचार को मजबूती प्रदान करते हैं। 1952 में निर्वाचित पहली लोकसभा से लेकर 2019 की सत्रहवीं लोकसभा तक एक भी लोकसभा ऐसी नहीं रही है, जिसमें निर्दलीय सांसदों की उपस्थिति न रही हो। निर्दलीय सांसदों के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि ऐसे बहुत सारे देशों में जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी मुकाबला मुख्यत- दो ही दलों के बीच होता है, वहाँ भी निर्दलीयों के लिए गुंजाइश बरकरार रखी गई है। अगर हम सिर्फ बड़े लोकतांत्रिक देशों की ही बात करें तो बाकी देशों के मौजूदा हाल भी कुछ अच्छे नहीं हैं। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में पांच और आस्ट्रेलिया के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में छह निर्दलीय हैं तो अमेरिकी सीनेट में सिर्फ दो ही निर्दलीय हैं और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में एक भी नहीं। न्यूजीलैंड के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में एक ही सीट निर्दलीय के पास है। वहीं जर्मनी की बुंडेस्टैग, स्वीडन की रिक्सडैग और ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में एक भी निर्दलीय जनप्रतिनिधि नहीं है। इस मामले में फ्रांस की नेशनल एसेंबली और जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स का स्कोर थोड़ा बेहतर है, जहां क्रमश- सत्रह और दस सीटें निर्दलीयों के पास हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों में मतदाताओं की इस घटती रुचि से भारत भी अछूता नहीं है। अगर, हम पहली से सत्रहवीं लोकसभा में जीतकर पहुंचे निर्दलीयों को देखें तो यह संख्या करीब दस फीसदी रह गई है। पहली चार लोकसभाओं के बाद से लगभग हर बार यह संख्या पहले से कम ही होती गई है। पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी लोकसभा में क्रमश- 37, 42, 20 और 35 निर्दलीय सांसद थे, लेकिन इसके बाद वे कभी पंद्रह का आंकड़ा नहीं छू पाए। दिलचस्प बात यह है कि विजेताओं की संख्या में गिरावट जरूर आई, लेकिन चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या लगातार बढ़ती गई है। 1952 में 533 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा चुनावों में उतरे थे और 2019 में 3,461 उम्मीदवार। चुनाव लड़ने वाले और जीतने वाले उम्मीदवारों के प्रतिशत में गिरावट को इस बात से समझा जा सकता है कि पहले लोकसभा चुनावों में अगर करीब सात फीसदी निर्दलीय विजयी रहे तो पिछली लोकसभा में यह 0.1 प्रतिशत से थोड़ा ही अधिक है। इनमें भी जमानत जब्त कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या बहुत बड़ी है। 1996 में, सबसे ज्यादा, 10,635 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे, इनमें 10,604 की जमानत जब्त हुई। आंकड़े बताते हैं कि पिछली आठ लोकसभाओं के लिए हुए चुनावों में कुल 48,103 निर्दलीय उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया, लेकिन जीत मिली सिर्फ 234 को। यानी लगभग 99.5 प्रतिशत ने अपनी जमानत गंवाई। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं कि उनकी ताकत और अहमियत को सिरे से ही खारिज कर दिया जाए। याद कीजिए, 1984 के लोकसभा चुनावों को। इनमें संसद में पहुँचे निर्दलीय निर्वाचितों की संख्या 13 थी। कॉन्ग्रेस, तेलुगु देशम, माकपा के बाद वे चौथे स्थान पर थे और भाजपा, भाकपा, द्रमुक, अन्नाद्रमुक, जनता पार्टी और लोकदल जैसे बड़े दलों से आगे। लेकिन, इसके बाद से इनकी संख्या लगातार कम होती गई। इसकी सबसे बड़ी वजह है, मतदाताओं द्वारा निर्दलीयों को गंभीरता से न लिया जाना। अधिकतर मतदाता, निर्दलीय उम्मीदवारों को बहुत ज्यादा सम्मान की नजर से नहीं देखते। समाज का एक बड़ा वर्ग चाहता है कि निर्दलीयों को चुनाव लड़ने से रोका जाए, क्योंकि इससे चुनाव प्रक्रिया में शिथिलता आती है। विधि आयोग भी सिफारिश कर चुका है कि उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति न दी जाए, सिर्फ चुनाव आयोग में पंजीकृत दलों को ही लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ने की अनुमति हो। ऐसी मॉगों या सिफारिशों के पक्ष में तर्क दिया जाता है कि चुनावों में खड़ा होने या खड़ा किए जाने के पीछे जो निहित उद्देश्य होते हैं, उनके साथ निर्दलीय उम्मीदवार लोकतंत्र को मबबूती देने का नहीं, बल्कि उसे कमजोर बनाने का काम करते हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों को लेकर कुछ स्थापित मान्यताएं हैं, जो अमूमन उनकी सफलता और विश्वसनीयता के रास्ते में बाधा साबित होती हैं। जैसे पहली तो यही है कि अधिकतर निर्दलीय ऐसे रुष्ट नेता होते हैं, जिन्हें उनके दल ने टिकट नहीं दिया होता। निर्दलीय चुनाव लड़कर वे वोटकटवा बनकर अपनी ही पार्टी का समीकरण बिगाड़ना चाहते हैं। दूसरी मान्यता यह है कि कई लोग इसलिए भी निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं कि उन्हें चुनावों में शांत बैठने के लिए बड़ी पार्टियॉं कुछ रकम या कोई पद उपहार में दे देती हैं। तीसरी यह कि अगर कोई निर्दलीय चुनाव जीत जाए तो लोकसभा में मतदान के दौरान उसकी पूछ बहुत बढ़ जाती है। चौथी है कि कई जगह पार्टियां खुद डमी कैंडिडेट के रूप में उन्हें खड़ा करती हैं, ताकि वे उनके मजबूत प्रतिद्वंद्वी के वोट बॉट सकें या उनके जरिए मतदाताओं को भ्रमित किया जा सके। एक और मान्यता यह भी है कि कुछ लोग सिर्फ रिकॉर्ड बनाने या प्रसिद्धि पाने के लिए चुनाव लड़ते हैं। लोकतंत्र और लोगों की भलाई से उनका कोई लेना-देना नहीं होता। जैसे कि बरेली के काका जोगिंदर सिंह धरतीपकड़, जिन्होंने तीन सौ से ज्यादा चुनाव लड़े और सभी हारे, या ग्वालियर के धरतीपकड़ मदनलाल या कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित घोड़े वाला तो मीडिया और जनता में किसी सेलिब्रिटी का दर्जा रखते थे। 1996 से पहले कोई भी उम्मीदवार एक साथ कितनी भी सीटों से चुनाव लड़ सकता था। लेकिन, फिर तत्कालीन सरकार की सिफारिश पर चुनाव आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 33 में संशोधन किया। इसके बाद किसी भी उम्मीदवार के एक बार में दो से अधिक चुनाव क्षेत्रों से चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई। इसका असर भी देखने को मिला। 1996 के लोकसभा चुनावों में जहाँ 10,635 निर्दलीयों ने चुनाव लड़ा था, इसके बाद 1998 में हुए आम चुनावों में सिर्फ 1,915 निर्दलीय ही मैदान में उतरे। यह स्वाभाविक ही है, क्योंकि चुनावों के मौजूदा फॉर्मेट में जीतने के लिए जितने संसाधनों की जरूरत पड़ती है, वह एक निर्दलीय उम्मीदवार के लिए जुटा पाना आसान नहीं होता। इसलिए उनका संसद में दखल कम होता जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विशेषता इसकी विशालता तो है ही साथ ही इसकी विविधता भी है। लेकिन, जैसे-जैसे इसमें धन-बल का प्रभुत्व बढ़ता जा रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि आने वाले दशकों में निर्दलियों की ही नहीं, बल्कि छोटी पार्टियों का नजर आना भी दुर्लभ होगा। निर्दलीय उस उम्मीद को जिंदा रखे हुए हैं, जो समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करती है। साथ ही वे उन मतदाताओं को भी एक विकल्प मुहैया कराते हैं, जिनका मुख्यधारा के दलों से मोहभंग हो चुका है।

# निरंतर मेहनत करने से ही बदलती है किस्मत

जिंदगी सभी को अवसर देती है। सवाल यह है कि क्या उन अवसरों को पहचान कर, स्वीकार कर वांछित प्रयास किए गए। उतनी मेहनत की, जितनी जरूरी थी या फिर अवसर पहचानने में नासमझी, देर या भूल हुई और अवसर हमारे हाथ से निकल गए! इसका विश्लेषण करना भी लाजिमी है। जिस दौर में विज्ञान अपने विकास की ऊंचाई पर पहुंचता और साबित करता दिख रहा है, जीवन के लगभग सभी क्षेत्र इससे प्रभावित और संचालित दिखते हैं, उसमें भी कई लोगों को यह कहते और मानते हुए देखा जा सकता है कि चमत्कार होते हैं। तांत्रिकों या बाबाओं के चमत्कारों को सही मानने वाले लोग हमें अपने आसपास ही मिल सकते हैं। मगर इससे इतर एक दूसरे मोर्चे पर 'चमत्कार' अलग तरीके से जगह पा रहा है। विज्ञान के जरिए चमत्कार। हालांकि पहले भी जो चमत्कार होते रहे, उसके पीछे विज्ञान ही रहा, बस समस्या यह रही कि उन चमत्कारों में विज्ञान को परदे के पीछे रखा गया। दरअसल, विज्ञान की दुनिया में जगह बनाने के लिए मेहनत करनी जरूरी है। फिर बहुत से चमत्कार किए जा सकते हैं। दूसरी ओर, इस सवाल का भी जवाब मिलना चाहिए कि विज्ञान के ज्ञान और चमत्कारों से मानवता का भला किस हद तक हो पाया। मौजूदा उदाहरण कृत्रिम बुद्धिमता है, जिससे परेशान होने की खबरें आनी शुरू हो गई हैं। इस बारे में भ्रम है कि नकली बुद्धि वाले इस इंसानी उत्पाद से नैसर्गिक बुद्धि वाले इंसान की किस्मत बनी या बिगड़नी शुरू हो गई! क्या हम अपनी किस्मत या अच्छी किस्मत के कारण मेहनत करते हैं या निरंतर मेहनत ही हमारी किस्मत में होती है या किस्मत बना देती है? इस संदर्भ में एक मशहूर फुटबाल खिलाड़ी की बात याद आती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके द्वारा किए गए गोल किस्मत की देन हैं, तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल, मैं जितना ज्यादा अभ्यास करता हूं, उतना ही किस्मतवाला बनता जाता हूं। धन-दौलत, प्रसिद्धि, नौकरी, उच्च पद, यानी किसी भी तरह की सफलता मिल जाए तो उसे अच्छी किस्मत के साथ जोड़ दिया जाता है। एक नन्ही-सी जान के रूप में सभी बच्चे हर तरह की संभावना लेकर दुनिया में जन्म लेते हैं। वे ऊर्जा से भरे होते हैं। ज्यों-ज्यों उनका विकास होता है, अलग-अलग तरह के पारिवारिक माहौल, वित्तीय स्थिति, शिक्षा से उनमें विचार उगते हैं। उनका घर ही उनके जीवन की पहली वास्तविक पाठशाला होता है। यह भी देखा गया है कि कितने ही मामलों में मेहनत बेचारी होकर रह जाती है और पारिवारिक, राजनीतिक, धार्मिक या अन्य किस्म के जुगाड़ कितनी ही किस्मतें बदल देते हैं। सामयिक जागरूकता, चतुराई और चपलता सफलता दिला देती है।

यह माना जा सकता है कि सिर्फ मेहनत से काम करना काफी नहीं है, चुस्त और चौकन्नी मेहनत करना ज्यादा जरूरी है। ऐसे में मेहनत करने की शैली बहुत महत्त्वपूर्ण है। जीवन की परिस्थितियां सबसे बड़ी अध्यापक होती हैं। वे खूब सिखाती हैं। यह इस पर निर्भर है कि हम कितनी संजीदगी से सीखते हैं। सफल लोगों के पास भी चौबीस घंटे होते हैं। उनकी किस्मत उनको एक लम्हा भी ज्यादा नहीं देती। वे जो भी करते हैं, इसी समय सीमा के भीतर करते हैं। यानी वे अपने समय का सदुपयोग करते हैं। ऐसा करना वे अपने अभिभावकों से सीखते हैं और अभिभावक वही सिखाते हैं, जो उन्होंने सीखा है। उस सीख में अपनी जिंदगी के सकारात्मक अनुभव जोड़ते जाते हैं। किसी कारणवश जो लोग ऐसा नहीं कर पाते, अपनी किस्मत को दोष देते हैं। दरअसल, वे वक्त की नब्ज पर काबू नहीं रख पाते। ऐसा वे अपने हालात और पारिवारिक स्थितियों के कारण आत्मसात करते होंगे। अगर किसी व्यक्ति, स्थिति, घटना, प्रवचन या प्रेरक किताब से उनका नजरिया बदल जाए तो वे फिर से सफलता की राह पर निकल सकते हैं। जिंदगी सभी को अवसर देती है। सवाल यह है कि क्या उन अवसरों को पहचान कर, स्वीकार कर वांछित प्रयास किए गए। उतनी मेहनत की, जितनी जरूरी थी या फिर अवसर पहचानने में नासमझी, देर या भूल हुई और अवसर हमारे हाथ से निकल गए! इसका विश्लेषण करना भी लाजिमी है। आजकल यह प्रवृत्ति भी जोर पकड़ती जा रही है कि हर क्षेत्र में भावी विजेता बच्चे का जन्म पारिवारिक या किसी प्रसिद्ध ज्योतिषी के बताए शुभ समय पर करवाएं, ताकि नवजात के साथ उच्चकोटि की शानदार और जानदार किस्मत भी जन्म ले ले। अब तो ज्यादातर कामकाजी माताएं शिशु जन्म से पहले होने वाला दर्द सहना नहीं चाहतीं। अस्पताल की दवाई लेने की कोशिश करती हैं, फिर आपरेशन से बच्चे का संसार में प्रवेश होता है। इससे अभिभावकों के अभिभावक भी सांसारिक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं।

भारतीय परिवेश में किस्मत बनाने के लिए ठोस उपाय बताने वालों की काफी सक्रिय भूमिका रहती है। यह भी दिलचस्प है कि भाग्य बनाने के लिए महंगे से महंगे रास्ते उपलब्ध हैं। इंसान जब अपने हिसाब से मेहनत कर परेशान हो जाता है, उसे मनचाहा फल नहीं मिलता तो वह भाग्यवादी होकर, मजबूरन इन रास्तों पर चलना शुरू करता है।

वह दूसरों की मेहनत और जुगाड़ों के साथ अपने प्रयासों की तुलना नहीं करता, इसलिए उसके जीवन में कुंठा और निराशा की अस्वादिष्ट खिचड़ी पकती रहती है। किस्मत बनाए रखने में राजनीति की काफी सक्रिय भूमिका देखी गई है। हमारे देश में मतदाताओं की किस्मत को राजनीति ने संभाला हुआ है। उन्हें निवाला दिया जा रहा है और किस्मत शासकों की पकाई जा रही है। इसमें राजनीतिक कौशल के कुशल प्रबंधन की मेहनत की संजीदा भूमिका है। मेहनत का रास्ता मुश्किल है, लेकिन यह हर मुश्किल का हल है। मेहनत का कोई विकल्प नहीं। मेहनत कर लें तो किस्मत चाहे न बदल पाएं, लेकिन जिंदगी बना सकते हैं और बदल भी सकते हैं।

# बात सेहत कीः बीच सड़क पर दिल न दे जाए धोखा

**ऐसी घटनाएं इन दिनों सुर्खियों में हैं। राजस्थान के नागौर में एक शोभायात्रा के दौरान सड़क से गुजर रही बोलेरो के ड्राइवर को हार्ट अटैक होने से वाहन बेकाबू हो गया और कई लोग कुचले गए। इलाज के दौरान ड्राइवर की मौत हो गई। 18 दिसंबर, 2023 को प्रतापगढ़ में ड्राइवर को अचानक हार्ट अटैक आया, जिससे सड़क पर चलती बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ड्राइवर समेत दो लोगों की वहीं मौत हो गई। 4 नवंबर, 2023 को दिल्ली के रोहिणी में डीटीसी बस हादसा हुआ। सीसीटीवी से पता चला कि ड्राइवर को हार्ट अटैक आया था और उसने गिरते हुए भी बस को रोकने की नाकाम कोशिशें कीं। लेकिन रफ्तार में चल रही बस फुटपाथ पर बाइकों को रौंदते हुए बढ़ती रही।**

सड़क पार करना और किनारे बने फुटपाथ पर भी चलना क्या अब सुरक्षित नहीं रह गया है? ऐसे में जैब्रा क्रॉसिंग को कैसे सुरक्षित माना जा सकता है? ये सवाल इन दिनों लोगों के मन में उठ रहे हैं, क्योंकि बीते कुछ वक्त में ऐसे कुछ हादसे हुए हैं, जब बीच सड़क पर वाहन चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा। हालांकि ऐसा उसने किसी साजिश के तहत या जान-बूझकर नहीं किया। जब वाहन इधर-उधर टकराते हुए रुका, तो पता चला कि ड्राइवर की या तो सांसें थम चुकी हैं या वह बेहोश हो चुका है। ऐसी घटनाएं इन दिनों सुर्खियों में हैं। राजस्थान के नागौर में एक शोभायात्रा के दौरान सड़क से गुजर रही बोलेरो के ड्राइवर को हार्ट अटैक होने से वाहन बेकाबू हो गया और कई लोग कुचले गए। इलाज के दौरान ड्राइवर की मौत हो गई। 18 दिसंबर, 2023 को प्रतापगढ़ में ड्राइवर को अचानक हार्ट अटैक आया, जिससे सड़क पर चलती बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ड्राइवर समेत दो लोगों की वहीं मौत हो गई। 4 नवंबर, 2023 को दिल्ली के रोहिणी में डीटीसी बस हादसा हुआ। सीसीटीवी से पता चला कि ड्राइवर को हार्ट अटैक आया था और उसने गिरते हुए भी बस को रोकने की नाकाम कोशिशें कीं। लेकिन रफ्तार में चल रही बस फुटपाथ पर बाइकों को रौंदते हुए बढ़ती रही। 14 दिसंबर, 2023 को देवरिया में एक गांव से बोलेरो में बरातियों को लेकर ड्राइवर मनोज यादव बस्ती की ओर निकला। अचानक उसे हार्ट अटैक आया, तो उसने गाड़ी रोक दी। लेकिन उसे जब अस्पताल पहुंचाया गया, तो डॉक्टरों ने मृत करार दिया। राजस्थान के जैसलमेर में 4 नवंबर, 2023 को बस ड्राइवर की हार्ट अटैक से तत्काल मौत हो गई। गनीमत रही कि कंडक्टर ने फुर्ती दिखाकर बस रोक ली। मध्य प्रदेश के जबलपुर में 3 दिसंबर, 2022 को शहर के बीचों-बीच सिटी बस चला रहे ड्राइवर हरदेव सिंह को हार्ट अटैक आया और वहीं मौत हो गई। उस हादसे में छह राहगीर घायल हो गए। विशेषज्ञ हाल के दिनों में बढ़ते हार्ट अटैक में कोरोना की भूमिका बता रहे हैं। एक प्रख्यात अमेरिकी संस्थान की रिपोर्ट भी इसकी पुष्टि करती है कि जिनमें कोरोना के हल्के लक्षण मिले, उनमें भी मौत का जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ा। कोरोना के बाद दुनिया भर में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। आज कहीं भी और किसी भी उम्र के लोगों को हार्ट अटैक हो रहा है। हार्ट अटैक से मौतें पहले भी होती थीं, लेकिन इस तरह नहीं। पहले अधिकतर बड़े-बूढ़े या बीमार इसके शिकार होते थे। सड़क पर अचानक वाहन चलाते वक्त हार्ट अटैक से हुई मौतें चिंताजनक हैं। इस पर सरकार को चेतना होगा। ऐसी स्थिति में वाहन को कैसे नियंत्रित किया जाए और ड्राइवर के अलावा अन्य लोगों के साथ होने वाली दुर्घटना को कैसे रोका जाए, यह एक बड़ी चुनौती है। वाहन पर काबू करने की कोई पहल भी समझ में नहीं आती। लगता है, परिवहन विभाग इस नई चुनौती से बेसुध है। लाइसेंस जारी करने से पहले ड्राइवर की आंखों की जांच का प्रावधान है, लेकिन शारीरिक स्थिति की नियमित जांच नहीं होती। आज चिकित्सा विज्ञान काफी तरक्की कर चुका है। सेहत की छोटी-छोटी जांच से बड़े-बड़े खतरे भांपना बहुत आसान है। यदि ड्राइवर को हार्ट अटैक का शिकार होने से पहले ही इसका संकेत मिल जाए, तो वह अपनी और दूसरों की जान जोखिम में क्यों डालेगा? इसलिए ड्राइवरों की शारीरिक स्थिति की नियमित जांच होनी चाहिए। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि टोल नाकों की तर्ज पर स्वास्थ्य नाके भी बनें, जहां अत्याधुनिक, सक्षम व उन्नत मशीनें और विशेषज्ञ तैनात रहें, जो ड्राइवरों की जांच कर ताजा रिपोर्ट ड्राइवर को देने के साथ उसे लाइसेंस की चिप में ट्रांसफर करे। हर ड्राइवर का हेल्थ डाटा कहीं भी, कभी भी एक्सेस किया जा सके और सूचना क्षेत्र सहित रूट के स्वास्थ्य विभाग को भेजी जाए, ताकि समय-समय पर जांच-परख कर सलाह, उपाय व दवाएं देकर लाइसेंस में उसकी जानकारी अपडेट की जा सके। इससे एक तो ड्राइवर की सेहत पर सतत चौकसी होगी और दूसरे, वाहन चलाते वक्त हार्ट अटैक का जोखिम भी कम होगा। काश, 'दुर्घटना से देर भली' का नारा अलापने वाले सरकारी महकमे, समाजसेवी संगठन, नुमाइंदे और सरकारें उस गरीब ड्राइवर की सेहत को लेकर भी फिक्रमंद होतीं, जो हर नाके पर टैक्स अदा कर सरकारी खजाने को भरता है, तो कितना अच्छा होता!

# महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मद्देनजर रेवन्ना के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत

**कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं।**

यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, मगर चिंताजनक बात यह है कि एक व्यक्ति खुद सांसद रहते हुए ऐसा वीभत्स कृत्य कर रहा था। सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का आचरण बहुत मायने रखता है। मगर विचित्र है कि बहुत सारे राजनेता इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते। कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं। इस बार रेवन्ना भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे। इसलिए विपक्षी दलों ने न केवल जद (सेकु), बल्कि भाजपा और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधना शुरू कर दिया है। इस राजनीतिक विवाद के बीच जद (सेकु) की कोर समिति ने रेवन्ना को पार्टी से निलंबित कर दिया है। मगर लगता नहीं कि इतने भर से जद (सेकु) और भाजपा को कोई राहत मिलने वाली है, क्योंकि रेवन्ना पर लगे आरोप बहुत गंभीर और महिलाओं के सम्मान से जुड़े हैं। हालांकि रेवन्ना ने सार्वजनिक हुए सारे वीडियो को फर्जी और साजिश के तहत तैयार किया बताया है। बताया जा रहा है कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ये वीडियो पेन ड्राइव में भर कर बड़ी तेजी से लोगों के बीच फैलाए जाने लगे। मगर मामले पर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम तब उठाया गया जब रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक अधेड़ सहायिका ने उसके और उसके पिता के खिलाफ आरोप लगाया। प्रज्वल रेवन्ना के पिता भी जद (सेकु) से विधायक हैं। हालांकि इन मामलों के बारे में जानकारी लोगों को बहुत पहले से थी। भाजपा के एक नेता ने तो कहा है कि उन्हें एक वर्ष पहले ही ये वीडियो उपलब्ध हो गए थे और उन्होंने रेवन्ना को चुनावी टिकट देने से केंद्रीय समिति को रोका था, मगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। यह भी जानकारी आई है कि रेवन्ना खुद करीब एक वर्ष पहले इसी मामले में अदालत से स्थगन आदेश ले आए थे। यानी मामला बिल्कुल ताजा नहीं है। हैरानी की बात है कि न केवल इस प्रकरण को दबा-छिपा कर रखा गया, बल्कि रेवन्ना को फिर से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया गया। यह बेहद भयावह है कि रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। घरेलू सहायिकाओं, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर हर तरह की महिलाओं का यौन शोषण किया। वे खुद इसलिए अपनी घिनौनी हरकत का वीडियो बनाते थे, ताकि उनके आधार पर वे उन महिलाओं को डरा-धमका कर चुप रहने को बाध्य कर सकें। हालांकि यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, मगर चिंताजनक बात यह है कि एक व्यक्ति खुद सांसद रहते हुए ऐसा वीभत्स कृत्य कर रहा था। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते नहीं थकते, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आने लगता है, तो उसे बचाने या ढंक-छिपा कर रखने का प्रयास करने लगते हैं। अब देखना है कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती तथा रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।



# एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत ने घटाया 16 कि.ग्रा वजन

नई दिल्ली। ऋषभ पंत के अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन को भी टीम में शामिल किया गया है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऋषभ पंत को फिट होने के लिए काफी त्याग करना पड़ा।उन्हीं में से एक हैं उनका वजन घटना। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ पंत ने कार एक्सीडेंट के बाद अपने पसंदीदा खाद्य पदार्थों को खाना छोड़ दिया है। मौत के मुंह से वापस आने वाले स्टार बल्लेबाज ने अपना 16 किलो वजन घटाया है। ऋषभ पंत ने वजन बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों को खाना बंद कर दिया है। पंत ने पसंदीदा खाद्य पदार्थों जैसे फ्राइड चिकन, रसमलाई और बिरयानी को छोड़ना पड़ा।

**1400 कैलोरी की जगह मिली 1000 कैलोरी**

बात करते हुए ऋषभ पंत के एक सूत्र ने बताया, उन्होंने दिसंबर के अंत से कैलोरी-रहित आहार अपनाया। यदि उनका शरीर प्रतिदिन 1400 कैलोरी की मांग करता था, तो उन्हें लगभग 1000 कैलोरी दी जाती थी। यह उनके लिए कठिन था क्योंकि उन्हें मैच-फिटनेस हासिल करने के लिए बहुत कठिन ट्रेनिंग लेने पड़ी और मजबूत बनाना पड़ा।

**रात 11 बजे के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट**


रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि पंत ने पिछले चार महीनों में लगभग 16 किलो वजन कम किया है और यह उनके सख्त नींद शेड्यूल के कारण संभव हुआ है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, रात 11 बजे तक फोन, आईपैड और टीवी सहित सभी गैजेट बंद हो गए। अगली सुबह ट्रेनिंग पर वापस जाने के लिए उन्हें आठ-नौ घंटे की निर्बाध नींद लेनी पड़ी।

**होटल के बजाय किराए के घर में रहे पंत**

सूत्र ने कहा, पंत जब एनसीए में थे, तब वह होटल के बजाय बेंगलुरु में एक किराए के घर में चले गए। उन्हें घर का बना खाना पसंद था। उन्हें केवल 5 मिलीलीटर अतिरिक्त वर्जिन जैतून का तेल खाने की अनुमति थी। चिली चिकन के प्रति अपना प्यार नहीं छोड़ सकते थे, इसलिए इतने तेल के साथ इसे बनाने के लिए एक रेसिपी बनाई गई, जो

**नई दिल्ली। आईपीएल में वापसी करने के बाद ऋषभ पंत की भारतीय टीम में भी वापसी हुई है। आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय की 15 सदस्यीय टीम में जगह दी गई है।**





## केकेआर पेसर हर्षित राणा पर एक मैच का बैन लगा

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर एक मैच का बैन लगा है। ईडन गार्डन्स में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के लिए उनपर बैन के साथ ही मैच फीस का 100 फीसदी जुर्माना भी लगाया गया है।

आईपीएल एडवाइजरी के मुताबिक राणा ने आईपीएल की आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) के आर्टिकल 2.5 के तहत लेवल 1 का ऑफेंस किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है।

**राणा पर दूसरी बार फाइन लगा**

हर्षित राणा पर इसी सीजन दूसरी बार फाइन लगा है। इससे पहले च्यक्रके पहले होम मैच में राणा ने सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को आउट करने के बाद उन्हें चिढ़ाने के लिए फ्लाइंग किस दी थी। इसके लिए उनपर मैच फीस का 60 फीसदी जुर्माना लगा था। 22 वर्षीय तेज गेंदबाज का व्यवहार दिग्गज सुनील गावस्कर को पसंद नहीं आया था। कॉमेंट्री के दौरान गावस्कर ने इस एक्शन पर नाराजगी जताई और कहा कि तेज गेंदबाज को अपने साथियों के साथ जश्न मनाना चाहिए और इस मोमेंट को लेकर ज्यादा उत्तेजित नहीं होना चाहिए।

# लेफ्ट हैंड पेसर टी नटराजन को भारतीय टीम में देखना चाहते थे सुनील गावस्कर



नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाले 15 सदस्यीय भारतीय टीम में रिंकू सिंह को नजरअंदाज किया गया हैं, जबकि संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल और शिवम दुबे को आईपीएल 2024 में दमदार प्रदर्शन करने का ईनाम मिला।

टीम इंडिया में 6 बल्लेबाज, 5 बॉलर्स और 4 ऑलराउंडर्स को जगह मिली है। कुछ ऐसे में प्लेयर्स रहे, जो टी20 विश्व कप के लिए भारत की स्क्वाड में शामिल होने के हकदार थे, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल सका। इस कड़ी में पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। गावस्कर का कहना है कि वह सनराइजर्स हैदराबाद के लेफ्ट हैंड पेसर टी नटराजन को भारतीय टीम में देखना चाहते थे।

दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बातचीत करते हुए कहा कि टी20 विश्व कप के लिए भारत की स्क्वाड में मैं सोच रहा था कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन को मौका मिल सकता है। वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। इसलिए, मैंने सोचा कि शायद वह टीम में हो सकता था, लेकिन यह ठीक है। मुझे लगता है कि उनके पास जो सीम गेंदबाज हैं, उन सभी के पास अनुभव है। इसलिए इसमें कोई समस्या नहीं है।

टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम चार स्पिनर्स (अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव) और तीन स्पेशलिस्ट फास्ट बॉलर्स के साथ उतरेगी, लेकिन गावस्कर को यकीन है को रोहित के डिप्टी चुने गए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या चौथे सीमर के रूप में काम करेंगे।

सुनील गावस्कर ने आगे कहा कि ठीक है, गेंदबाजी के लिए हार्दिक पंड्या के साथ-साथ चौथा सीम गेंदबाज भी है, शायद यही कारण है कि वे चार स्पिन गेंदबाजों के साथ गए हैं। वेस्टइंडीज की पिचें थोड़ी और होंगी तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों को मदद मिलेगी। गावस्कर ने आगे कहा कि जैसा कि हमने आईपीएल में देखा है, गेंदें जितनी धीमी होती हैं, बल्लेबाजों के लिए हिट करना उतना ही कठिन होता है और शायद यही कारण है कि वे अतिरिक्त स्पिनर के साथ गए हैं।

# वर्ल्ड कप में सिलेक्शन ने होने पर रिंकू के परिवार का सपना टूटा, पिता बोले- हम मिठाई-पटाखे लेकर आए थे



नई दिल्ली। बीसीसीआई के सिलेक्टर्स ने मंगलवार को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज रिंकू सिंह सिलेक्शन के मजबूत दावेदार थे लेकिन उनको जगह नहीं मिली। इससे रिंकू के परिवार वाले बहुत निराश हैं। उनके पिता खानचंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- हम मिठाई और पटाखे लेकर आए थे। हमें पूरी उम्मीद थी कि बेटा वर्ल्ड कप खेलेगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मिठाई-पटाखे रखे रह गए।

रिंकू को 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। वे रिजर्व प्लेयर शामिल किया गए है। यानी मुख्य स्क्वॉड का कोई खिलाड़ी अगर खिलाड़ी चोटिल होता है तो रिंकू को जगह मिल सकती है।

**रिंकू ने मां को फोन कर कहा- मैं सिलेक्ट नहीं हुआ**

खानचंद्र ने कहा, उम्मीदें तो बहुत थी और इसलिए थोड़ा दुख भी है। हम जश्न मना रहे थे, क्योंकि हमने सोचा था कि रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में होगा। उसका दिल तो टूटा है। उसने अपनी मां से बात की और बताया कि उसका नाम 11 या 15 में नहीं है। यह भी बताया कि वो रिजर्व के तौर पर वेस्टइंडीज-अमेरिका जा रहा है। रिंकू के परिवार में 5 भाई हैं। उनके पापा सिलेंडर डिलीवरी का काम करते थे। रिंकू ने दैनिक भास्कर को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि सारे भाई बाइक पर 2-2 सिलेंडर रखकर होटलों और घरों में डिलीवर करने जाते थे।

रिंकू सिंह टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से खेलते हुए 15 मैचों में 356 रन बना चुके हैं। टीम में उनका स्ट्राइक रेट 176 का है। दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव का भी स्ट्राइक रेट (171.55) उनसे कम है। रिंकू ने साल 2023 में आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। वहीं, उन्होंने आखिरी मैच इसी साल जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान स्टीव स्मिथ बाहर, मिचेल मार्श करेंगे कप्तानी



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान हो गया है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार की सुबह 15 मेंबर्स के स्क्वॉड का ऐलान किया।

टीम की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे। मार्श पिछले 12 महीनों में बतौर कप्तान तीन टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व कर चुके हैं। वहीं स्टार बैटर स्टीव स्मिथ को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है।

मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

**ऑस्ट्रेलिया एक बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता**

ऑस्ट्रेलिया टीम एक बार 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीती थी। टीम इंडिया ने 2007 में पहली बार हुए टूर्नामेंट का ही खिताब अपने नाम लिया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका ने भी 1-1 बार खिताब जीता है। वेस्टइंडीज (2012 × 2016) और इंग्लैंड (2010 × 2022) ने 2-2 बार टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर कब्जा किया है। टूर्नामेंट अब तक 8 बार खेला गया है, अमेरिका और वेस्टइंडीज में टूर्नामेंट का 9वां एडिशन खेला जाएगा।

**2 जून से शुरू होगा वर्ल्ड कप**

इस साल का टी-20 वर्ल्ड कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 29 जून तक चलेगा, ऑस्ट्रेलिया 6 जून को ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। 8 जून को टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी, वहीं 12 और 16 जून को टीम नामीबिया और स्कॉटलैंड से भिड़ेगी।

# अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी




नई दिल्ली। सरकार ने अप्रैल 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, यानी जीएसटी से रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। ये अब तक का किसी भी महीने जुटाया गया हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन है। इससे पहले का हाईएस्ट कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपए था, जो अप्रैल 2023 में हुआ था।

सालाना आधार पर ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 12.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं पिछले महीने, यानी मार्च 2024 में, जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपए रहा था। यानी, महीने-दर-महीने आधार पर कलेक्शन में 18 प्रतिशत का इजाफा है। वहीं सरकार ने 18 हजार करोड़ के रिफंड जारी किए।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल के 2,10,267 करोड़ के जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी 43,846 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 53,538 करोड़ रुपए रहा। आईजीएसटी 99,623 करोड़ रुपए (माल के आयात पर कलेक्ट किए 37,826 करोड़ रुपए सहित) और सेस 13,260 करोड़ रुपए रहा।

सेस में माल के आयात से मिले 1008 करोड़ रुपए शामिल हैं।

जीएसटी कलेक्शन इकोनॉमी की ओवरऑल हेल्थ का एक संकेतक है। अप्रैल महीने के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़ों पर केपीएमजी के नेशनल हेड अभिषेक जैन ने कहा कि अब तक का हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

जीएसटी एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स, सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 2017 में लागू किया गया था। जीएसटी में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं।

# अंबुजा सीमेंट का चौथी-तिमाही में शुद्ध-मुनाफा 6 प्रतिशत बढ़कर 532 करोड़, कंपनी की आय 12 प्रतिशत बढ़ी



नई दिल्ली। अंबुजा सीमेंट ने बुधवार (1 मई) को QyFY24 यानी वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 5.94 प्रतिशत बढ़कर 532.29 करोड़ रहा। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 502.40 करोड़ रहा था। जबकि, इससे पहले तीसरी तिमाही में कंपनी को 513.68 करोड़ का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही के दौरान ऑपरेशन्स से कंपनी का रेवेन्यू (आय) 4,780 करोड़ रहा, जो सालाना आधार पर 12 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल QyFYwx में कंपनी को 4,780 करोड़ की आय हुई थी।

**अंबुजा सीमेंट ने 2 रुपए का लाभांश देने का किया ऐलान**

अंबुजा सीमेंट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रति शेयर 2 रुपए के डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। चौथी तिमाही में कंपनी का ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 11.64 प्रतिशत बढ़कर 8,893.99 करोड़ रुपए रहा। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये 7,965.98 करोड़ रुपए रहा था।

पिछली तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 8,128.80 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का रेवेन्यू 9.41 प्रतिशत बढ़ा है।

पूरे वित्त वर्ष में कंपनी के कंसोलिडेटेड मुनाफे में 56.66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। FYwy में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 4,738.01 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष यानी FYwx में अंबुजा सीमेंट का मुनाफा 3,024.38 करोड़ रुपए रहा था। रिजल्ट के एक दिन पहले मंगलवार को अंबुजा सीमेंट का शेयर 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 618.95 रुपए पर बंद हुआ था। इसके साथ ही बैंक का मार्केट कैप भी 1.36 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर 0.41 प्रतिशत गिरा है। वहीं पिछले छह महीने में इसका शेयर 52.21 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 56.93 प्रतिशत रिटर्न दिया।

# इलॉन मस्क ने दो सीनियर एग्जीक्यूटिव को कंपनी ने निकाला टेस्ला की गिरती सेल से परेशान हैं, आगे भी छंटनी की तैयारी



नई दिल्ली। इलॉन मस्क ने टेस्ला के दो सीनियर एग्जीक्यूटिव को कंपनी ने निकाल दिया है। ये इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्यूफैक्चरर के सुपरचार्जर बिजनेस के सीनियर डॉयरेक्टर रेबेका टिनुची और न्यू प्रोडक्ट्स हेड डैनियल हो हैं। इस बात की जानकारी द इंफॉर्मेशन ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क इन दोनों अधिकारियों के अंडर काम करने करने वाले 500 से ज्यादा कर्मचारियों को भी नौकरी से निकालने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें अकेले सुपरचार्जर टीम में करीब 500 कर्मचारी हैं। टेस्ला के मालिक कार की गिरती सेल से परेशान हैं। इसके अलावा मस्क टेस्ला की पॉलिसी टीम को भी खत्म करने वाले हैं।

**डैनियल हो पिछले 11 साल से टेस्ला से जुड़े थे**

लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, डैनियल हो 2013 में मॉडल ए, मॉडल 3 और मॉडल ड्ड के डेवलपमेंट में प्रोग्राम मैनेजर के रूप में टेस्ला से जुड़े थे। वहीं, टिनुची ने 2018 में सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर के तौर पर टेस्ला जॉइन की थीं।

**टेस्ला में 10 प्रतिशत कर्मचारियों की होगी छंटनी**

इस महीने की शुरुआत में कंपनी में 10 प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की खबरों के बाद दो सीनियर अधिकारियों, पटेल और बैटरी डेवलपमेंट हेड ड्रू बैगलिनो ने कंपनी छोड़ने का ऐलान कर दिया था। मार्केट वैल्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमेकर की लेटेस्ट एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2023 तक ग्लोबल लेवल पर कंपनी में 1,40,473 कर्मचारियों थे। कंपनी की इस छंटनी से लगभग 15,000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है।

**6 हजार से ज्यादा लोगों की छंटनी संभव**

न्यूज एजेंसी राउटर्स के अनुसार, टेस्ला कुल 6,020 कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। इनमें कैलिफोर्निया

प्लांट के 3,332 और टेक्सास प्लांट के 2,688 कर्मचारी शामिल हैं। टेस्ला के न्यूयॉर्क स्थित बफेलो प्लांट से भी 285 कर्मचारियों की छंटनी होगी।

**टेस्ला के मुनाफे में 55 प्रतिशत की गिरावट**

टेस्ला ने 23 मार्च को मार्च तिमाही का रिजल्ट जारी किया। इसमें बताया गया कि जनवरी से मार्च के बीच कमाई के मामले में कंपनी के मुनाफे में पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 55 प्रतिशत की कमी आई है। इस दौरान कंपनी ने 21.3 अरब डॉलर की कमाई की और उसका मुनाफा 1.13 अरब डॉलर रहा। इस तिमाही में मुनाफे में बड़ी गिरावट इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री कम होने की वजह से आई है।

# बाइनेंस के फाउंडर चांगपेंग झाओ को 4 महीने की जेल, एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों के उल्लंघन पर हुई सजा

नई दिल्ली। क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर और पूर्व सीईओ चांगपेंग झाओ को चार महीने जेल की सजा सुनाई गई है। झाओ को अमेरिका के एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। अमेरिका के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज रिचर्ड जोन्स ने यह सजा सुनाई है।

कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज पर 4.32 बिलियन डॉलर (करीब 36,068 करोड़ रुपए) का फाइन भी लगाया है। जबकि, झाओ ने 50 मिलियन डॉलर (करीब 417 करोड़ रुपए) जुर्माने के साथ-साथ ए कमोडिटी फ्यूचर्स ट्रेडिंग कमीशन को 50 मिलियन डॉलर का पेनल्टी भरा है।

**इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों को फायदा पहुंचाने का आरोप**

विपक्ष के वकील ने कोर्ट में कहा कि बाइनेंस ने क्रिमिनल्स को फायदा पहुंचाने वाला एक वाइल्ड वेस्ट मॉडल अपनाया। इस मॉडल के जरिए हमास, अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट सहित बड़े आतंकी संगठनों के एक लाख संदिग्ध ट्रांजैक्शन को रिपोर्ट ही नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा, झाओ के एक्सचेंज ने चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज मटेरियल के व्यापार को सपोर्ट किया और इससे हुई रैंसमवेयर इनकम का एक बड़ा हिस्सा खुद भी रखा।

**झाओ बोले- मैं एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट को लागू करने में विफल रहा**

सजा सुनाए जाने से पहले झाओ ने जज से कहा, मुझे खेद है। मेरा मानना है कि जिम्मेदारी लेने का पहला कदम गलतियों को पूरी तरह से पहचानना है। यहां मैं एंटी-मनिलॉन्ड्रिंग एक्ट को लागू करने में विफल रहा, मुझे उस गलती की गंभीरता का एहसास हुआ है।

**जेल जाने वाले सबसे अमीर व्यक्ति**

क्रिप्टो मार्केट में चांगपेंग झाओ को ईं के नाम से जाना जाता है।

झाओ अमेरिका में और संभवतः दुनियाभर में जेल जाने वाले सबसे अमीर व्यक्ति हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार झाओ की नेटवर्थ 43 बिलियन डॉलर करीब (3.59 लाख करोड़ रुपए) है।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस पर 4.3 बिलियन डॉलर (करीब 35 हजार करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाते हुए कहा था, अपने अपराधों के कारण बाइनेंस दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज बना। उन्होंने कहा था कि अब यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़े कॉर्पोरेट पेनाल्टीज में से एक का भुगतान करेगा।% इसके बाद झाओ को अपनी ही कंपनी से इस्तीफा देना पड़ा था। साथ ही अगले 3 साल तक कंपनी में कोई मैनेजमेंट पोजिशन भी होल्ड करने पर रोक लगा दी गई थी।

**2017 में हुई थी बाइनेंस की शुरुआत**

बाइनेंस की शुरुआत 2017 में हुई थी। बाइनेंस के इकोसिस्टम में कई क्रिप्टोएक्सचेंज हैं, जिसका इसने अधिग्रहण किया है और उन्हें बनाया है। इसके अलावा इसके पास खुद की क्रिप्टोकरेंसी, कई क्रिप्टो वॉलेट और नई क्रिप्टोकरेंसी को लॉन्च करने वाला एक लॉन्चपैड भी है।

# पट्टे की भूमि बिना अनुमति के विक्रय करने के कारण शासकीय भूमि में दर्ज करने का हुआ आदेश

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सक्सेना ने अपर कलेक्टर एवं अनुभागीय राजस्व न्यायालय के प्रतिवेदन के आधार पर तहसील जबलपुर अंतर्गत ग्राम नयागांव पटवारी हल्का चौरई के ख.नं. 213 रकबा 2.00 हेक्टेयर भूमि से संबंधित प्रकरण की सुनवाई की। प्रकरण श्रीमती माया सिंह पति पुष्पेन्द्र सिंह, निवासी शक्ति नगर, शिवाजी चौक, 90 क्वार्टर के पास, जिला जबलपुर द्वारा ग्राम नयागांव रा.नि.मं. बरगी स्थित भूमि ख.नं. 213 रकबा 2.000 हेक्टेयर, भूमि से संबंधित है। आवेदिका नें अहस्तांतरणीय की प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण बताते हुए खसरे से विलोपित किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त भूमि में शासन का हित निहित होने के कारण न्यायालय कलेक्टर जबलपुर में प्रस्तुत किया गया। उक्त विषय पर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 यथासंशोधित 2018 के प्रावधान निम्नानुसार मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 यथासंशोधित



2018 की धारा 165(7-ख) में स्पष्ट प्रावधान है कि शासन से पट्टे पर दी गई भूमि, भले ही धारा 158(3) के तहत पट्टेदार को भूमिस्वामी हक ही क्यों ना प्राप्त हो, ऐसी भूमि का अंतरण कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

इस प्रकरण में परीक्षण में आवेदित भूमि का मूल ख.नं. 126/1, 126/2 रकबा क्रमशः 202.585, 0.162 हेक्टे. होकर वर्ष 1979-80 से 1980-81 में भूमि सरकार मद पहाड़ चट्टान दर्ज थी। इस प्रकार भूमि शासकीय दर्ज थी, जिसका मद पहाड़-चट्टान था। जिसमें प्रभाबाई पति छोटेलाल साहू द्वारा कब्जा किया जाना उल्लेखित था। वर्ष 1988-89 से 1989-90 में भूमि स्वामी हक में दर्ज हुई किन्तु बेजा कब्जेदार से भूमि स्वामी हक में किस प्रकार दर्ज हुई इस संबंध में कोई जानकारी संलग्न प्रस्तुत नही की गई है। इस प्रकार जब वैध रूप से शासन से भूमि प्राप्त होना ही प्रमाणित नहीं है तो भूमिस्वामी हक प्राप्त होने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होने पर एवं भूमि विक्रय किये जाने के पूर्व कलेक्टर की अनुमति नहीं होने पर प्रभाबाई पति छोटेलाल, आरती जोजे तेजप्रकाश, विकास कुमार वल्द नरेन्द्र कुमार गुप्ता का स्वत्व ही अवैधानिक पाया गया और शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश दिया गया।इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर को उक्त पुराना खसरा नंबर 126/1 एवं 126/2 शासकीय मद पहाड़ चट्टान की भूमि के वर्तमान नवीन नंबर के संबंध में जाँच कराई जाकर प्रतिवेदन सहित प्रकरण तैयार कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# आंगनबाडी कार्यकर्ता पद से पृथक

**श्योपुर,** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना श्योपुर शहरी गौरव दुबे द्वारा दायित्वो के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर आंगनबाडी केन्द्र वार्ड 15बी की आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती रेशमा बानो को पद से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा विभाग की ओर से नियत दायित्व 3 से 6 वर्ष के बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा, पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, मंगल दिवस, टेक होम राशन का वितरण आदि में लापरवाही तथा पोषण ट्रेकर एप पर शत प्रतिशत बच्चों को दर्ज नही किये जाने आदि में लापरवाही के चलते पद से पृथक करने की कार्यवाही की गई है।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु एक आदतन अपराधी को 3 माह के लिए जिला बदर का आदेश दिया गया

**झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नेहा मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदतन अपराधी पंकज पिता वजहिंग डामोर, उम्र-23 वर्ष, निवासी ग्राम धनपुरा थाना मेघनगर, जिला झाबुआ को जिला बदर किए जाने का आदेश दिया गया।जिला दण्डाधिकारी द्वारा यह कार्यवाही मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 5 (क) व (ख) के अतर्गत पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के प्रतिवेदन के पश्चात की गयी।




जिला दंडाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस आदतन अपराधी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीबद्ध है और इसकी आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये आदेश दिया गया कि वह इस आदेश प्राप्त होने के 24 घण्टे के अन्दर झाबुआ जिले की राजस्व सीमा व इस जिले के समीपवर्ती जिले धार, रतलाम, अलीराजपुर, खरगोन एवं बडवानी की राजस्व सीमाओं से 03 (तीन) माह की कालावधि के लिये बाहर चला जाए। उक्त अवधि में इस न्यायालय की लिखित अवधि के बिना उल्लेखित क्षेत्र में प्रवेश न करें। यदि अनावेदक के विरूद्ध कोई प्रकरण झाबुआ जिले में स्थित किसी माननीय दाण्डिक न्यायालय में चल रहा हो तो वह नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेगा परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देना होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात इस न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जावेगा तथा इस न्यायालय की लिखित अनुमति के बिना उक्त क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करेगा

# गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताये

**श्योपुर,** माह मार्च से माह जून तक ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धी के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित हो रहा है अधिक तापमान से कई प्रकार के रोगों के पनपने और बीमारियों के फैलने की आशंका जैसे लू लगना, घमौरी होना, टाइफाइड, पीलिया एवं ऑखों मे समस्या आदि बढ जाती है इस मौसम में लू लगने की आशंका ज्यादा रही है।



सीएमएचओ डॉ. जेएस राजपूत ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज पदार्थो की कमी हो जाना होता है है लू से बच्चे एवं बुर्जुग ज्यादा प्रभावित होते है इससे बचाव के लिए ध्यान रहे कि पानी अधिक मात्रा में पिए ,अधिक समय तक धूप में न रहे धूप में निकले तो सर एवं कानों को कपडे से अच्छी तरह ढक ले, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती हल्के ढीले ढाले सूती वस्त्र पहनें तथा धूप में चश्मा छाता, टोपी एवं जूता पहनकर निकलें बच्चे बुर्जुग एवं बीमार व्यक्ति घर से बाहर दोपहर 12 से 4 बजे तक न निकले। अधिक पसीना आने पर ओआरएस का घोल, लस्सी, मठा एवं फलों का रस पियें तथा गरिष्ठ एवं मसालेदार भोजन के साथ साथ दूषित पानी एवं दूषित भोजन के सेवन से बचें। लू लगने से उल्टी, सर दर्द, भूख कम लगना, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर दिखायें समय पर उपचार होने से टाइफाइड, पीलिया जैसी बीमारियों से बच सकते है।

आम नागरिकों से अपील है कि गर्मी के मौसम में लू से बचने के उपायों को ध्यान में रखते हुए घर से बाहर निकलें अपना ध्यान रखें स्वस्थ्य रहें आपका स्वस्थ्य रहना ही जीवन का सबसे बडा उपहार है।

# नगर पालिका ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका में आने वाले नागरिकों को वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका में मतदान के लिए प्रेरित करने वाली रंगोली भी बनाई गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शाबिर कोशर के निर्देशानुसार बुधवार को नपा में स्वीप गतिविधि का आयोजन कर 07 मई को वोट डालने की अपील की गई। इस दौरान स्वसहायता समूह की महिलाओं ने सभी घर घर जाकर जाति, धर्म, धन, से ऊपर उठकर वोट करने समझाइश दी। गतिविधि के पश्चात नगर पालिका के सीएमओ द्वारा चौपाल लगाकर पोलिंग बूथ में मिलने वाली सुविधा, बुजुर्ग एवं विकलांग को मिलने वाली सुविधा के बारे में विस्तार से समझाकर वोट100 प्रतिशत डालने के लिए प्रेरित किया तथा ही बाहर रह रहे लोगों से फोन में बात कर वोट करने के महत्व समझाया। गतिविधि के दौरान नगर पालिका का अमला तथा वार्ड ने नागरिक सम्मिलित रहे।

# नये भारत के निर्माण के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं : जिनेश जैन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का निर्माण हो रहा है। देश की जनता पिछले दस सालों में आए बदलावों को महसूस कर रही है। सात मई को लोकसभा चुनाव में जनता अपने वोट के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अपना आशीर्वाद देगी और भारी बहुमत से देश में फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार बनेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी जिला मुरैना के उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने अपील के जरिये कही हैं उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा है की चंबल संभाग में भी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में संपूर्ण विकास हो रहा है ऐसी स्थिति में किसी भी बहकावे में ना आकर सभी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें जिनेश जैन ने कहा हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक शक्तिशाली, वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्धिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। देश में 400 से अधिक सीट हासिल कर अगली सरकार भी मोदी जी के नेतृत्व में ही बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोटालेबाज देश नहीं चलायेंगे देश को तो प्रधानमंत्री श्री मोदी ही चलायेंगे। श्री जैन ने कहा हैं कि कांग्रेस की सरकारों के समय जमीन से लेकर आकाश तक और हवा से लेकर पानी तक में घोटाले किये गए थे। वायु सेना की एयर स्ट्राइक के सबूत मांगने वालों, सेना के शौर्य पर सवाल उठाने वालों पर देश की जनता विश्वास नहीं करती हैं। देश की जनता सेना का अपमान सहन नहीं करेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। श्री जैन ने कहा कि यूपीए सरकार के समय मुंबई में आतंकी हमला हुआ, लेकिन सरकार चुप बैठी रही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सेना को कार्रवाई के लिए फ्री हैंड दिया हैं उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय कांग्रेस नहीं ले सकती, क्योंकि इसके लिए 56 इंच की छाती चाहिए, जो कांग्रेस के पास नहीं है।



# सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के आगामी शो 'पुकार - दिल से दिल तक' में, सायली सालुंखे मुख्यभूमिका निभाएंगी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने आगामी शो 'पुकार दिल से दिल तक' के साथ दर्शकों का दिल जीतनेके लिए तैयार है, जो प्यार, नुकसान, और मुक्ति की सम्मोहक कहानी है। यह शो जयपुर की पृष्ठभूमि परआधारित है, जहां आधुनिकता परंपरा में समाहित है। यह शो एक मां और उसकी दो बेटियों के जीवन की कहानीहै, जिन्हें एक भयावह योजना ने क्रूरतापूर्वक अलग कर दिया है। जैसा कि किस्मत खेल रचेगी, अप्रत्याशितहालातों के चलते सरस्वती, वेदिका और कोयल के रास्ते अनजाने में पुनः साथ जुड़ जाएंगे और उन्हें मिलकरउन ताकतों का सामना करना होगा जिन्होंने उनके परिवार को अलग कर दिया था।

खूबसूरत सायली सालुंखे को वेदिका की मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जो स्वतंत्र, धार्मिक और दृढ़निश्चयी आधुनिक युवती की भूमिका है। उसके लिए भरोसा करना मुश्किल है और उसका स्वभाव बेहदसंरक्षित है, जो उसके पिछले अनुभवों से उपजा है, जिससे उसकी भूमिका में जटिलता के पहलू बढ़ जाते हैं। एकवकील के रूप में, वेदिका का विश्लेषणात्मक दिमाग अक्सर उसे हालातों के बारे ज्यादा सोचने के लिए प्रेरितकरता है, जिससे वह संभावित जोखिमों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण



करती है, और सबसे खराब स्थिति के लिएतैयार रहती है। अभिनेत्री सायली सालुंखे पुकार दिल से दिल तक में वेदिका का किरदार निभाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंनेकहा, 'यह मनोरंजक कहानी निश्चित रूप से दर्शकों को टीवी के सामने बांधे रखेगी, जैसा कि कहानी सुनतेसमय मेरे साथ हुआ था। एक मां और उसकी दो बेटियों का सफर, जो उतार-चढ़ाव से भरा हुआ है, उनके अतीतके रहस्यों को प्रदर्शित करेगा, साथ उन्हें उस बॉन्ड को फिर से बनाना होगा जो कभी टूट गया था, जिससे यह शोज़रूर देखने योग्य बन जाता है। मैं पहली बार किसी वकील का किरदार निभा रही हूं, और न्याय को लेकर उसकीमजबूत भावना मुझे प्रभावित करती है। वेदिका के किरदार और सफर को दिलचस्प बनाने वाली बात यह है किकिस तरह से वह अपनी अंदरूनी लड़ाई लड़ते हुए अपने वर्तमान और अतीत का सामना करेगी। एक अभिनेत्रीके रूप में, विभिन्न शेड्स वाले नए किरदारों को निभाने से मुझे चुनौती मिलती है; स्क्रीन पर हर पल आत्म-चिंतन और विकास का सफर है और मुझे उम्मीद है कि मेरे फैंस इस नई भूमिका में मेरा समर्थन करेंगे।'

'पुकार - दिल से दिल तक' जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर आ रहा है!

# एक से बढ़कर एक बॉलीवुड क्लासिक्स की पेशकश के साथ सोनी मैक्स 2 ने पूरा किया एक दशक का सफर

सोनी मैक्स 2 ऐसा चैनल है, जो हमें भारतीय सिनेमा के उस सुनहरे युग में ले जाता है, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्में शामिल हैं। वो फिल्में, जिन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी जैसे कई अन्य सितारों को वास्तव में सितारा बनाया। ये 'सदाबहार फिल्में' समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं, जिन्हें विभिन्न पीढ़ियों द्वारा पसंद किया जाता रहा है। इनमें से प्रत्येक सदाबहार फिल्म को चैनल सिनेमा प्रेमियों के जुनून को पूरा करने के उद्देश्य से सावधानीपूर्वक चयनित और क्यूरेट करता है।

ये फिल्में अपनी सदाबहार धुनों और रोमांटिक कहानियों के साथ हमारे दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। चाहे वह 'सूर्यवंशम' का सदाबहार आकर्षण हो या फिर, 'शान', 'सत्ते पे सत्ता', 'सड़क', और 'मिस्टर नटवरलाल' जैसी प्रतिष्ठित क्लासिक्स, सोनी मैक्स 2 को प्रत्येक फिल्म प्रेमी के लिए सिनेमाई रत्नों के खजाने की पेशकश करने के लिए जाना जाता है।

जैसा कि सोनी मैक्स 2 दर्शकों के मनोरंजन के एक दशक के सफर का जश्न मना रहा है, ऐसे में प्रमुख बॉलीवुड और टेलीविजन अभिनेताओं ने इस उपलब्धि और हिंदी सिनेमा के प्रति उनके स्थायी प्रेम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं।



महेश ठाकुर, जो वर्तमान में सोनी सब के आंगन आपनो का में नजर आ रहे हैं और कई बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर्स का हिस्सा रह चुके हैं, ने कहा, 'सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बधाई! चैनल पर फिल्में देखने की मेरी बहुत सारी यादें हैं, लेकिन दो फिल्में जो वास्तव में पुरानी यादें ताजा कर देती हैं, वे हैं 'सीता और गीत' एवं 'सूर्यवंशम'। मैंने अपने परिवार के साथ ये दोनों फिल्में कई बार देखी हैं। इन फिल्मों का हर एक गाना और सीन जैसे मेरे दिमाग में हमेशा के लिए बस गए हैं।'

अंजलि तत्रारी, जो सोनी सब के वंशज में युविका का किरदार निभा रही हैं, सोनी मैक्स 2 पर इन प्रतिष्ठित फिल्मों को देखने की अपनी यादें साझा करते हुए, कहती हैं, 'सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बहुत-बहुत बधाई! मेरे पास इस चैनल पर फिल्में देखने की बहुत सारी यादें हैं, खासकर गर्मियों की छुट्टियों और सप्ताहांत के दौरान। यह मेरे परिवार के लिए एक साथ जुड़ने के सबसे शानदार तरीकों में से एक हुआ करता था। विश्वास नहीं हो रहा कि इसे 10 वर्ष पूरे हो गए! सोनी मैक्स 2 को आने वाले कई और वर्षों की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ।'

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के 'मेहंदी वाले घर' के करण मेहरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, ÷एक कलाकार और एक दर्शक के रूप में, मैं ऐसे कॉन्टेंट की तलाश करता हूँ, जो मुझे मनोरंजित और रोमांचित करे। मुझे सदाबहार क्लासिक फिल्में देखना बहुत पसंद है, जैसे सत्ते पे सत्ता और याराना। ये फिल्में मेरे दिल के करीब हैं और मैं इन्हें बार-बार देख सकता हूँ। मुझे खुशी है कि सोनी मैक्स 2 इन फिल्मों को टेलीविज़न पर ला रहा है, ताकि युवा पीढ़ी भी समय-समय पर इन शानदार फिल्मों का लुत्फ उठा सके। चैनल को 10 वर्ष पूरे करने की बधाई और टेलीविजन पर आने वाली अन्य कई यादगार फिल्मों के लिए भी शुभकामनाएँ, जिनका आप अपने पूरे परिवार के साथ आनंद ले सकते हैं!'

विभा छिब्बर एक अनुभवी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने कई फिल्मों, टेलीविजन शोज और थिएटर में काम किया है और वर्तमान में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के 'मेहंदी वाला घर' में भी नजर आ रही हैं। वे कहती हैं, 'जब भी मुझे शूटिंग से थोड़ा समय मिलता है, तो मुझे अपने बच्चों के साथ घर पर समय बिताना और साथ में टेलीविज़न पर हिंदी फिल्म देखना अच्छा लगता है। मैं खुश हूँ कि सोनी मैक्स 2 जैसे चैनल मुझे सीता और गीता या आतिश जैसी पुरानी बॉलीवुड क्लासिक्स और ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से देखने का मौका देते हैं। मुझे टेलीविज़न पर फिल्मों का आनंद लेना अच्छा लगता है और सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने व टेलीविज़न पर खुशियों और यादों से भरपूर फिल्में देखने के अनुभव के साथ परिवार को एकजुट करने के लिए बधाई देती हूँ।'

# मारुति सुज़ुकी ने शुरू की अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक 11,000/- रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है।

मारुति सुज़ुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से




अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है! इस घोषणा पर मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, 'मारुति सुज़ुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं। 29 लाख ग्राहकों के साथ इसका मजबूत आधार और बीते वक्त में जीते गए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान इस बात का प्रमाण हैं कि यह लोकप्रिय स्विफ्ट किस प्रकार लगातार बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाती गई है। एपिक न्यू स्विफ्ट को अपने बहुचर्चित स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है। इसी के साथ ही जहां नई पीढ़ी का अत्यधिक जोर पर्यावरण सुरक्षा की ओर है, इस दिशा में बेहद कम उत्सर्जन के साथ यह कार इस अपेक्षा को भी पूरा करती है। हमेशा की तरह, अगली पीढ़ी की स्विफ्ट प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने और 'जॉय ऑफ मोबिलिटी' की सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।'

# वंदेमातरम के साथ कार्यालयो में हुई कामकाज की शुरूआत

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड के नेतृत्व में माह मई 2024 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, डीपीओ महिला बाल विकास ओपी पाण्डेय, जिला योजना अधिकारी डॉ सुनील चौहान, एसएलआर मुन्ना सिंह गुर्जर एवं कार्यालय अधीक्षक दिलीप बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदे मातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 38,238 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया

देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान 38,238 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 29,589 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष की तुलना में सिंगल प्रीमियम में 44% की वृद्धि हुई है।

सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 4,165 करोड़ रुपये रहा, जो 15त्न की वृद्धि दर्शाता है। सुरक्षा व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 951 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलना में 14% वृद्धि के साथ 23,832 करोड़ रुपये रहा।

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 1,894 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 31 मार्च, 2024 तक 1.96 पर मजबूत बना हुआ है, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 है।

एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 31 मार्च, 2023 को 3,07,339 करोड़ रुपये की तुलना में 27% बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 3,88,923 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें 64:36 का ऋण-इक्विटी मिश्रण है। 95% से अधिक ऋण निवेश एएए और सॉवरेन इंस्ट्रूमेंट्स में हैं।

कंपनी के पास 3,16,038 प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का एक व्यापक वितरण नेटवर्क है और देश भर में 1,040 कार्यालयों के साथ इसकी व्यापक उपस्थिति है, जिसमें मजबूत बैंक एश्योरेंस चैनल, एजेंसी चैनल और कॉर्पोरेट एजेंट, ब्रोकर, पॉइंट ऑफ सेल पर्सन (POS), बीमा मार्केटिंग फर्म, वेब एग्रीगेटर और प्रत्यक्ष व्यवसाय शामिल हैं।

**31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए प्रदर्शन**

- 29% वृद्धि और 24.6% बाजार हिस्सेदारी के साथ 38,238 करोड़ रुपये के न्यू बिजनेस प्रीमियम में प्राइवेट मार्केट लीडरशिप
- 14% वृद्धि और 25.8त्न बाजार हिस्सेदारी के साथ 23,832 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम में प्राइवेट मार्केट लीडरशिप
- वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) 17% की वृद्धि के साथ 19,723 करोड़ रुपये है
- सुरक्षा वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) 18% की वृद्धि के साथ 2,099 करोड़ रुपये है
- नए व्यवसाय का मूल्य (वीओएनबी) 9% वृद्धि के साथ 5,548 करोड़ रुपये है
- वीओएनबी मार्जिन 28.1% पर है
- कर के बाद लाभ (पीएटी) 10% वृद्धि के साथ 1,894 करोड़ रुपये है
- सॉल्वेंसी अनुपात 1.96 है
- एन्युटी और पेंशन न्यू बिजनेस 6% वृद्धि के साथ 8,932 करोड़ रुपये है
- प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां 27% वृद्धि के साथ 3,88,923 करोड़ रुपये है
- एम्बेडेड मूल्य पर परिचालन रिटर्न 21.8% पर है

# सरकार मप्र में 20 मई तक गेहूं खरीदेगी

## अब 50 प्रतिशत तक चमकविहीन, डैमेज अनाज का भी उपार्जन

**भोपाल।** प्रदेश में किसानों से सरकार अब 20 मई तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन करेगी। इसके लिए सरकार ने उपार्जन की अंतिम तिथि 15 मई को बढ़ाकर 20 मई कर दी है। अभी तक प्रदेश में 31 लाख 55 हजार टन गेहूं का उपार्जन चार लाख 18 हजार किसानों से किया गया है।प्रदेश में सरकार को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने के लिए इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के लिए सात मई और जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के लिए 15 मई तक अवधि निर्धारित की थी। कई स्थानों पर वर्षा और ओलावृष्टि के कारण उपार्जन का कार्य प्रभावित हुआ।



उपज भी प्रभावित हुई। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने 50 प्रतिशत तक चमक विहीन गेहूं लेने की छूट दी है। सभी स्थितियों को देखते हुए सरकार ने उपार्जन की अवधि 20 मई कर दी है। सभी कलेक्टरों को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे पंजीकृत किसानों को इसकी सूचना दें ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार उपज लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचे। प्रदेश में 15 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

रबी फसलों में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी पर सरकार ने निर्धारित सीमा प्रतिशत में शिथिलता दी है। अब किसान 50 प्रतिशत तक लस्टर लॉस (गेहूं के दाने की चमक उड़ना, दाना डैमेज होना और सिकुड़ा हुआ निकलना) की सीमा को 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, बालाघाट ज्योति बघेल ने बताया कि हाल ही में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ा है। किसानों को राहत देने के मकसद से एफएक्यू के अनुसार निर्धारित सीमा प्रतिशत को बढ़ाया गया है। पहले किसानों से 30 प्रतिशत खराब गेहूं खरीदा जा रहा था, जिसे शिथिलता देते हुए अब 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा टूटे हुए गेहूं के दाने की सीमा छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत, थोड़ा टूटा हुआ दाना के चार प्रतिशत सीमा को छह प्रतिशत किया गया है।

# कलेक्टर चौहान के निर्देश : सामूहिक जवाबदेही के साथ कराएँ मतदान

**ग्वालियर।** मतदान दल में शामिल सभी अधिकारी एक परिवार की तरह सामूहिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर मतदान सम्पन्न कराएँ। सभी मतदान दलों के पास जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के फोन नम्बर की सूची उपलब्ध रहेगी। इसलिए कोई समस्या आने पर घबराएँ नहीं, इसकी सूचना तत्काल अधिकारियों को दें। आप सब तक तत्परता से मदद पहुँचेगी। यह भरोसा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मतदान दलों को दिलाया। श्रीमती चौहान बुधवार को आईआईटीटीएम (भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान) में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को प्रोत्साहित करने पहुँचीं थीं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने मतदान दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा हमें पूरा विश्वास है कि आप सब बहुत अच्छे से और सुचारू रूप से मतदान सम्पन्न कराने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आप सबकी सुविधाओं



का पूरा ध्यान रखेगा। मतदान सामग्री वितरित करने के लिये बेहतर से बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही मतदान केन्द्र पर मतदान दलों के ठहरने के लिये बेहतर इंतजाम किए जायेंगे। साथ ही कहा कि सभी मतदान दलों के लिये पेयजल की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। फिर भी मतदान दल में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर अपने साथ पानी की एक बोतल लेकर अवश्य आएँ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मतदान दलों को जानकारी दी कि मतदान दिवस पर यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत आती है तो उसे अच्छे से अच्छे अस्पताल में कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान दिवस के लिए यह विशेष व्यवस्था की गई है।

**दो बैलेट यूनिट से मतदान कराने के लिए दिया प्रशिक्षण**

आईआईटीटीएम में चल रहे मतदान दलों के फायनल प्रशिक्षण में एक कंट्रोल यूनिट में दो बैलेट यूनिट जोड़कर ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) से मतदान कराने की बारीकियाँ खासतौर पर सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण के दूसरे दिन यानि बुधवार को जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर दक्षिण व भितरवार के मतदान दलों को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एसबी ओझा ने बताया कि ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में शामिल जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1680 मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने के लिए कुल 1848 मतदान दलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें 168 रिजर्व मतदान केन्द्र शामिल हैं। कुल मिलाकर 7300 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण लेने वालों में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र.-1, 2 व 3 शामिल हैं। ज्ञात हो गत 30 अप्रैल से शुरू हुआ मतदान दलों का यह प्रशिक्षण 2 मई तक प्रतिदिन तीन पालियों में जारी रहेगा।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री गिरजा गर्ग ने आयोजित किया मातृशक्ति कार्यक्रम

## भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह रहे मौजूद





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में पिछले 10 साल में भारत में नारी सशक्तिकरण की यात्रा ने नये आयाम प्राप्त किए हैं। केन्द्र और राज्य की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पूर्ण रूप से माताओं-बहनों के उत्थान के लिए समर्पित है। बात चाहे उज्ज्वला की हो या फिर मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना योजना हो इन योजनाओं से नारीशक्ति के जीवन स्तर में बदलाव आया है। यह बात अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मंत्री श्रीमती गिरजा गर्ग द्वारा आयोजित मातृशक्ति बहनों के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने कही। अपने उद्बोधन में श्रीमती गिरजा गर्ग ने सभी माताओं एवं बहनों से भारत सिंह कुशवाह को लाखों मतों से विजयी बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, मण्डल अध्यक्ष विनय शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू गर्ग मामाजी सहित सैकड़ों की संख्या में मातायें, बहनें एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यूपीएससी में चयनित पुलिस कर्मियों की पुत्रियों को डीजीपी ने किया सम्मानित



**भोपाल।** सिविल सर्विसेस 2023 (यूपीएससी) के हाल ही में घोषित परिणाम में सतना जिले में पदस्थ एसआई विजय सिंह की पुत्री काजल सिंह और रायसेन (सांची) में एएसआई के पद पर पदस्थ राजू यादव की पुत्री दिव्या यादव का यूपीएससी में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर मंगलवार को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने दोनों को सम्मानित किया। इस मौके पर काजल सिंह के पिता एसआई विजय सिंह व माता श्रीमती मीरा सिंह और दिव्या यादव के पिता एएसआई राजू यादव व माता श्रीमती कल्याणी यादव उपस्थित थीं। दिव्या यादव को आईएएस तथा काजल सिंह को आईपीएस मिलने की संभावना है।

# प्रियंका गांधी आज मुरैना आयेंगी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** आज 02 मई, गुरूवार को अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मुरैना-श्योपुर लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) के चुनाव में सभा करने चम्बल की पावन धरा पर दोपहर 2:00 बजे बैरियर स्थित मेला ग्राउंड मुरैना में प्रियंका गांधी आमसभा को संबोधित कर भाजपा की नाकामी और विफलताओं को उजागर कर मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील करने आ रहीं हैं। सभा में प्रियंका गांधी के साथ भंवर जितेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम, विधायक सिद्धार्थ कुशवाह मौजूद रहेंगे।



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने समस्त विधायकगण, पूर्व विधायकगण, सभापति, समन्वय समिति सदस्यगण, प्रदेश पदाधिकारीगण, संगठन मंत्रीगण, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्षगण, सभी ब्लॉक अध्यक्षगण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण, वर्तमान एवं पूर्व जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई, सेवादल के अध्यक्षगण, कार्यकारी अध्यक्षगण, समस्त प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षगण, किसान कांग्रेस, आई.टी. सेल के अध्यक्षगण, पार्षदगण एवं पूर्व पार्षदगण, मंडल एवं सेक्टर के अध्यक्षगण, बीएलए, सरपंच, कनिष्ठ, वरिष्ठ कांग्रेसजन, सभी कांग्रेस कार्यकर्तागण एवं मुरैना जिले की समस्त जनता जनार्दन से अपील की है कि हजारों-हजारों संख्या में पधारकर

# अब भारत की सेना घर में घुसकर मारती है: ऐंदल सिंह

## भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में कृषि मंत्री ने ली बैठकें

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** 10 साल पहले कांग्रेस के शासन में पाकिस्तान के सैनिक हमारे जवानों के सिरों को काटकर ले जाते थे। जब देश की कमान पीएम नरेन्द्र मोदी ने संभाली तो उन्होंने सेना को सशक्त बनाने का काम किया। मोदी ने हमले का जबाव देने के लिए सेना को खुली छूट दी और हमारे जवानों ने सर्जिकल स्ट्राईक कर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। अब भारत की सेना ईंट का जबाव पत्थर से देती है। यह बात, मप्र के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना ने कही। श्री कंषाना बुधवार को मुरैना सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। बुधवार को उन्होंने करह आश्रम पर गुर्जर समाज की बैठक को संबोधित किया। जिसके बाद शनि मंदिर, बमरौली गांव एवं बानमोर में हुई बैठकों में गुर्जर समाज के लोगों से भाजपा प्रत्याशी को आशीर्वाद देने का आव्हान किया। इन सभाओं में मंत्री श्री



कंषाना ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रदेश के विकास की रूपरेखा तय करने वाले होते है, जबकि लोकसभा चुनाव देश की संप्रभुता, सुरक्षा और दुनिया में देश का मान बढ़ाने वाले होते है। श्री कंषाना ने कहा कि पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व से भारत का मान दुनिया में बढ़ा है। आज देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। उन्होंने गुर्जर समाज के लोगों से भारत को विश्व गुरू बनने के मार्ग पर प्रशस्त करने के लिए भाजपा को आशीर्वाद देने की अपील की।

सभाओं में श्री कंषाना के साथ पूर्व विधायक राकेश मावई, रघुराज कंषाना, वीरेन्द्र हर्षाना, हमीर पटेल, हरिमोहन नेकाड़ी, जपं अध्यक्ष मोहर सिंह कंषाना, भाजपा प्रत्याशी के सुपुत्र गौरव शिवमंगल सिंह तोमर, अतेन्द्र गुर्जर, देवेन्द्र गुर्जर, जंडेल गुर्जर, जिपं सदस्य केशव सिंह, भवूति गुर्जर, सतेन्द्र सिंह, उम्मेद सिंह कंषाना, रामलखन जींगनी, गजेन्द्र मावई, रामवीर सिंह, लल्ला धनेला, भूरा जनकपुर आदि उपस्थित थे।

**जनपद सदस्य रविन्द्र सहित दो दर्जन हुए भाजपा में शामिल**

करह आश्रम पर हुई बैठक में जनपद पंचायत के सदस्य रविन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, रुस्तम सिंह ओर हलुके

# लोकसभा चुनाव को लेकर अर्द्ध सैनिक बलों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिला मुरैना को प्रदाय किए गए सीएपीएफ बल (सीआरपीएफ की 06 कंपनियों व बीएसएफ की 03 कंपनियों) के अधिकारियों के साथ आज दिनांक 01.05.2024 को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन मुरैना में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में समन्वय बैठक आयोजित की गई। उक्त समन्वय बैठक के दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सीएपीएफ के अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला मुरैना के मानचित्र के माध्यम से जिले की भौगोलिक, सामाजिक / जातिगत स्थिति एवं पूर्व के चुनावों के दौरान घटित घटनाओं के संबंध में उपस्थित सीएपीएफ के अधिकारियों को अवगत कराया गया, साथ ही लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु वलनरेबलिटी मैपिंग के आधार पर अति संवेदनशील क्षेत्रों में संबंधित पुलिस बल के साथ निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम में वर्णित समयानुसार एरिया डोमिनेशन / फ्लैग मार्च किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ, क्यूआरटी, स्ट्रांग रूम पर तैनात किए गए सीएपीएफ बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदान दिवस के पूर्व, मतदान दिवस के दिन एवं मतदान उपरांत की जाने वाली कार्यवाहियों, सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक तथ्यों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपस्थित सीएपीएफ अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों को चुनाव आयोग की मंशानुसार दिये गये दिशा-निर्देशो एवं बैठक के दौरान चर्चा में आये बिन्दुओं से अवगत कराने हेतु बताया गया।



उक्त बैठक के दौरान डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना, विक्रांत सारंग पानी कमांडिंग ऑफिसर 148वीं बटालियन सीआरपीएफ, जितेन्द्र सिंह साही कमांडिंग ऑफिसर 53वीं बटालियन बीएसएफ, अमित मिश्रा 2IC 148वीं बटालियन सीआरपीएफ, सुनील सिंह उप सेनानी 53वीं वाहिनी बीएसएफ एवं अन्य सहायक सेनानीगण, कंपनी कमाण्डरगण, रनि कनक सिंह चौहान, सूबेदार गजेन्द्र सिह परिहार आदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर हुआ विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजाराम भारतीय,जिला न्यायाधीश श्री चन्द्रशेखर जायसवाल के मार्गदर्शन में 01 मई, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर व्हीआईपी रोड़ मुरैना में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान जिला न्यायाधीश श्री चन्द्रशेखर जायसवाल ने उपस्थित श्रमिकों को श्रमिकों के अधिकारों एवं उनसे संबंधित विधियों के साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता एवं नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# वोट आपकी ताकत है, निडर होकर शत-प्रतिशत करें मतदान: कलेक्टर

## आपका एक वोट 5 सालों का रास्ता तय करता है: पुलिस अधीक्षक

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान करें, ताकि मुरैना जिले के मतदान में बढ़ोतरी हो सके। वोट आपकी ताकत है, निडर होकर शत-प्रतिशत मतदान करें। प्रशासन आपके साथ है। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने दिमनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरहरूआ में चौपाल के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, जनपद सीईओ अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में मतदान आवश्यक है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को सहज, सरलता के साथ मतदान करने की व्यवस्था की गई हैं। उन्होंने कहा



कि 07 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कर राष्ट्र हित में योगदान करें। सभी नागरिकों को वोट का समान अधिकार है। मतदान के लिए मतदाता पर्ची के साथ 13 पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र अवश्य लेकर मतदान केंद्र पर मतदान के लिए पहुंचे। आपका वोट अमूल्य है। आप सभी किसी के द्वारा दिये जाने वाले लोभ, लालच व भय में वोट न डालें। मतदान केन्द्र पर नजर रखने के लिए सभी 1706 मतदान केन्द्रों के साथ 2400 कैमरे लगाकर मतदान पर नजर रखी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आपका एक वोट 5 सालों का रास्ता तय करता है। इसलिये 18 वर्ष एवं उस से अधिक आयु सभी मतदाताओं को वोट अवश्य देना चाहिये। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मतदान के लिए भय पैदा करने वाले अवांछनीय व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाये। इसके लिए पुलिस ने मोबाइल नंबर 7587617600 निर्धारित किया है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं से कहा कि अपने वोट की

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोन: 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435